


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। सोमवार 26 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 316 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# कोलकाता रेप केस: प्रेसिडेंसी जेल में संजय रॉय का हुआ पॉलीग्राफ टेस्ट, क्या सच उगलवा पाई सीबीआई ?

**कोलकाता।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में रेप कांड के मुख्य आरोपी संजय रॉय का रविवार को प्रेसिडेंसी जेल में पॉलीग्राफी टेस्ट किया गया। इसके साथ ही साल्टलेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित सीबीआई कार्यालय में कुछ और लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट चल रहा है। संजय रॉय का पॉलीग्राफ टेस्ट दोपहर 12:30 से 3:00 बजे तक किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों और विभिन्न उपकरणों के साथ लंबी पूछताछ के बाद सीबीआई अधिकारी प्रेसीडेंसी जेल से बाहर निकल गये हैं। निर्धारित प्रश्नों और विभिन्न परीक्षण सामग्रियों से पूछताछ के बाद अधिकारियों के हाथ क्या नई जानकारी आई है। अभी इसका खुलासा होना बाकी है।




ट्रेनी डॉक्टर से रेप-हत्या के मामले में वारदात के दूसरे दिन कोलकाता पुलिस ने सिविक वॉलेंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद संजय रॉय ने खुद ही अपराध कबूल किया था, लेकिन जब से सीबीआई ने जांच अपने हाथ में ली है। वह लगातार अपना बयान बदल रहा है। सियालदह कोर्ट में उसने खुद को निर्दोष बताया था। सीबीआई पूछताछ में भी वह स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा था। उसके बयान में लगातार विसंगतियां पाई जा रही थी।

केंद्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, संजय रॉय ने हिरासत में रहते हुए एक-एक करके अलग- अलग जानकारी देकर सीबीआई को गुमराह करने की कोशिश की। अस्पताल में प्रवेश करने का कारण, अस्पताल में प्रवेश करने का समय, अस्पताल के सेमिनार हॉल में प्रवेश करने का कारण या यहां तक सेमिनार हॉल से लेकर हत्या सभी मामले में वह लगातार अपना बयान बदल रहा है।

उसके बाद उसका पॉलीग्राफी टेस्ट जरूरी हो गया था। सीबीआई ने सियालदह कोर्ट में पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए फरियाद की थी। कोर्ट ने संजय रॉय सहित कुल सात लोगों का पॉलीग्राफी टेस्ट की अनुमति दे दी थी। इन आरोपियों की सहमति के बाद शनिवार को चार लोगों को पॉलीग्राफी टेस्ट हुआ था।

# क्या पुलिस परीक्षा को सीरियस नहीं ले रहे अभ्यर्थी रविवार को दो पारियों में 4541 ने छोड़ी परीक्षा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नागरिक पुलिस चयन प्रक्रिया 2024 की इन दिनों गाजियाबाद के 20 अलग-अलग सेंटरों पर परीक्षाएं चल रही हैं। इस परीक्षा का रविवार को तीसरा दिन था। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीसरे दिन सुबह 10 से 12 बजे और शाम को 3 से 5 बजे वाली पारियों को मिलाकर कुल 4541 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में भाग नहीं लिया और उनकी अलग-अलग सेंटर पर अनुपस्थिति दर्ज की गई है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जहां सुबह वाली शिफ्ट में कुल 2300 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। तो शाम वाली पारी में 2241 अभ्यर्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई है। वहीं सूत्र बता रहा हैं कि तीन दिन में हजारों छात्रों ने इस परीक्षा को छोड़ा है, अभी इसके पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है।



**कमिश्नरेट के 20 सेंटरों पर 8592 को देनी है परीक्षा**

## अब 30 और 31 अगस्त को भी होगी परीक्षा

करंट क्राइम : गाजियाबाद में बड़ी संख्या में पुलिस परीक्षा में भर्ती के लिए अभ्यर्थियों के सेंटर पड़े हैं। तीन दिन की परीक्षा होने के बाद अब 2 दिन का रेस्ट है। इसके बाद 30 और 31 अगस्त को दोबारा से दो अलग-अलग पारियों में आरक्षी नागरिक पुलिस चयन परीक्षा 2024 को आयोजित किया जाएगा।

## पुलिस की सख्त चेकिंग व्यवस्था जारी

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के 20 अलग–अलग परीक्षा केंद्रों पर आरक्षी नागरिक पुलिस चयन प्रक्रिया 2024 चल रही है। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए जहां सभी केंद्रों पर सुबह से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी जाती है। तो वहीं एग्जामिनेशन सेंटर के अंदर प्रवेश पाने के लिए अभ्यार्थियों को कड़ी सुरक्षा के बीच से गुजरना पड़ रहा है। उनके कपड़ों से लेकर उनके बालों और जूते की गंभीरता से जांच की जा रही है। इसके साथ ही सभी सेंटर्स पर सीसीटीवी के जरिए और इंटेलिजेंस का इनपुट जुटाने का काम भी किया जा रहा है।

# विजय मोहन के युवा पुत्र के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर हर कोई रह गया अवाक

## बेहद गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार और दुख में शामिल था पूरा शहर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजय मोहन भाजपा की राजनीति के वो चेहरे हैं जिन्हें हर कोई जानता है। सामाजिक व्यक्तित्व है और सियासी सरोकारों से लेकर समाजिक सरोकारों तक हमेशा आगे रहते है। शनिवार की आधी रात विजय मोहन के घर पर दुखों का पहाड अचानक टूट पडा। काल के क्रूर हाथों ने उनके युवा पुत्र अर्पित मोहन को छीन लिया। होनी को कौन टाल सकता है लेकिन इस हादसे ने जहां पूरे परिवार को तोडकर रख दिया वहीं जिसने भी यह खबर सुनी वह स्तब्ध रह गया। विजय मोहन के गम में पूरा शहर शरीक हुआ। जिसे देखो वही शोक में डूबा नजर आया। ऐसा हादसा भगवान किसी के ना हो।



सभी लोग हैरान थे। ये क्या हुआ। किसी को भी ये यकीन ही नहीं हो रहा था कि 28 वर्ष का हंसता खेलता अर्पित इस तरह से अचानक दुनिया को छोड़कर चला जायेगा। रविवार की सुबह जैसे ही लोगों ने आंख खोली तो अचानक ह्दय को झकझोर देने वाला ये अशुभ समाचार उनके मोबाईल फोन के स्क्रीन पर दिखाई दिया। सब लोग दुख की इस घड़ी में विजय मोहन के कवि नगर एल ब्लॉक स्थित आवास पर पहुंचे। किसी की समझ ही नहीं आ रहा था कि आखिर काल के क्रूर हाथों ने एक युवा जिंदगी को क्यों छीन लिया। दुख इतना बड़ा था कि इससे उभरने में समय लग जायेगा और केवल कविनगर ही नहीं बल्कि पूरी भाजपा में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस से लेकर सपा तक जिस किसी ने सुना उसी ने दुख व्यक्त किया। विजय मोहन के युवा पुत्र का इस तरह दुनिया से चले जाना किसी को भी यकीन नहीं हो रहा था। बेहद गमगीन माहौल में अर्पित मोहन का अंतिम संस्कार किया गया।

दैनिक करंट क्राइम परिवार विजय मोहन के युवा पुत्र अर्पित मोहन के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करता है। परमपिता परमेश्वर से यह प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति दे।

## लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने निरस्त किये जन्मदिन के सभी कार्यक्रम



**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का आज जन्मदिन है। लेकिन विजय मोहन के पुत्र अर्पिम मोहन के निधन पर वह इतने व्यथित हुए कि उन्होंने सबसे पहले अपने जन्मदिन के कार्यक्रम निरस्त किये। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इसकी सूचना भी दी और लिखा कि हमारे नेता विजय मोहन के पुत्र का रात आकस्मिक निधन हो गया। यह एक बहुत ह्दय विदारक घटना है जिसने हम सभी का ह्दय हिला दिया है। 26 अगस्त को कुछ कार्यकताओं ने मेरे जन्मदिन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम बना रखे थे। सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिये गये हैं और मेरे निवास पर भी मेरे जन्मदिन का कोई कार्यक्रम नहीं होगा और मैं भी उपलब्ध नहीं रहूंगा।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी से सहमत हिमांशु लव

## बोले, ऑडिटोरियम खड़ा लावारिस, निगम स्वयं करे संचालन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से रविवार को बालेश्वर त्यागी का एक लेख जिसमें उन्होंने वर्तमान नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद से आग्रह किया है की पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को किसी ठेकेदार को न देकर नगर निगम इसको स्वयं चलाएं ताकि सांस्कृतिक सामाजिक साहित्य और अन्य कार्यक्रम कम राशि पर ऑडिटोरियम उपलब्ध हो सके इसी उद्देश्य से आदरणीय बालेश्वर त्यागी जी ने जब आप पंचायती राज्य मंत्री थे तो इसका आवंटन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से कराया गया था मैं उनकी बात से सहमत हूं कि उपरोक्त ऑडिटोरियम को ठेके पर न देकर नगर निगम स्वयं चलाएं तत्कालीन नगर आयुक्त द्वारा उपरोक्त ऑडिटोरियम को ठेके पर दे दिया गया मैं उस समय नगर निगम में पार्षद था मेरे साथ अन्य कई पार्षदों ने इस आवंटन और नीलामी पर आपत्ति जाहिर की थी परंतु तत्कालीन नगर आयुक्त महोदय द्वारा पता नहीं कि किन परिस्थितियों से उपरोक्त ऑडिटोरियम को नीलामी द्वारा ठेके पर दिया गया और यह निगम पार्षदों द्वारा सुनिश्चित किया गया था।



बोर्ड बैठक में के भाई ठेकेदार की उपरोक्त धनराशि जो कि लगभग 12:30 लख रुपए मासिक थी वह इसको किस प्रकार जमा कर पाएगा इस पर संदेह था परंतु नगर आयुक्त महोदय किसी प्रभाव में उपरोक्त ऑडिटोरियम को किराए पर ही देने पर वचनबद्ध थे नतीजा जनता के सामने है ठेकेदार द्वारा नगर निगम की धनराशि जमा नहीं की गई मजबूरन नगर निगम को उपरोक्त ऑडिटोरियम पर सील लगानी पड़ी आज उपरोक्त ऑडिटोरियम लावारिस खड़ा है और मेंटेनेंस के नाम पर पिछले ठेकेदार द्वारा भी कुछ नहीं किया गया करोड़ों रुपया आज बबार्दी की कगार पर है।

वर्तमान महापौर महोदय से निवेदन है कि ठेकेदार से किराया की वसूली तो जिलाधिकारी के माध्यम से की जाए परंतु नगर निगम द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को पुनः सुसज्जित करते हुए जनता के प्रयोग हेतु इसे खोला जाए और नगर निगम स्वयं इसका संचालन करें।

# पूर्व विधायक असलम चौधरी उत्तराखंड के रुड़की से गिरफ्तार, अदालत के आदेश पर हुई गिरफ्तारी

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** धौलाना विधान सभा क्षेत्र से पूर्व विधायक व एसपी नेता असलम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत द्वारा जारी गेर जमानती वारंट के बाद पूर्व विधायक की मसूरी पुलिस ने यह गिरफ्तारी की है पुलिस ने बताया कि असलम चौधरी और मसूरी निवासी डॉक्टर यामीन के बीच जमीनी विवाद का मामला काफी समय से चल रहा था और इसी बीच डॉक्टर यामीन के पुत्र राजा दीवान द्वारा जमीन कब्जाने और रंगदारी मांगने के मामले में 3 सितंबर 2023 को पूर्व विधायक सहित अन्य लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस ने जांच पड़ताल के उपरांत अरोप पत्र दाखिल किया था। जिसकी तारीख पर न पहुंचने पर पूर्व विधायक के खिलाफ एमपी एमएलए कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी कर पुलिस को आदेशित किया कि वारंट को विधायक को तामिल कराया जाए। हालांकि इस मामले में अगली 19 सितंबर तारीख भी दी की गई है। एएसपी नरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक असलम चौधरी के खिलाफ न्यायालय एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। जिसमें पूर्व विधायक चौधरी वांछित चल रहे थे। जिन्हें मुखबिर की सूचना के आधार पर उत्तराखंड के रुड़की से गिरफ्तार किया गया है। उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा।



# डीएम समीकरण वाले हाथी की चिंता है उसके चुनावी रिपोर्ट कार्ड में थर्ड डिविजन



## कैडर-मिशन-बामसेफ सब्जैक्ट का जरूरी है रिविजन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव से पहले बसपा प्रमुख मायावती के बयान ने ये साफ कर दिया है कि वो आने वाले समय में कांग्रेस और सपा के साथ मिलकर राजनीति का कोई हाथ मिलाने को तैयार नहीं है। वहीं नीले वोट बैंक पर भीम आर्मी भी अपना दावा जता रही है और उसके प्रमुख चंद्रशेखर शनिवार को गाजियाबाद आये और अम्बेडकर पार्क में एक जनसभा को संबोधित किया। गाजियाबाद की सियासत चार विधानसभा सीटों पर काबिज होने वाला बसपा का नीला हाथी अब सियासत के मैदान में तेजी से पिछड़ रहा है। चार बार यूपी की सत्ता पर काबिज होने वाला हाथी आज विधानसभा में एक विधायक की मौजूदगी के साथ है। लोकसभा में इसका कोई सांसद नहीं है। जबकि भीम आर्मी के चंद्रशेखर नगीना से जीतकर लोकसभा में पहुचे हैं। अब उपचुनाव हैं और गाजियाबाद सहित दस सीटों पर उपचुनाव हैं। ऐसे में गाजियाबाद सीट पर सीन रोचक हो जाता है क्योंकि यहां बसपा शहर विधानसभा सीट पर साहिबाबाद विधानसभा सीट पर, लोनी विधानसभा सीट पर, मुरादनगर विधानसभा सीट पर चुनाव जीत चुकी है उसके विधायक रहे हैं और हाथी के महावत भी यहां डीएम समीकरण की बात कहते हैं। कहा तो ये भी जाता है कि बीते दिनों एक सियासी दल ने सर्वे कराया था जिसमें उस दल के सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार बसपा का डीएम सबसे मजबूत स्थिति में है। लेकिन यहां बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती ये है कि वो पिछले कई चुनावों में रनरअप भी नहीं रहा है। वो थर्ड डिविजन से पास हो रहा है और थर्ड डिविजनर की स्थिति क्या होती है ये सब जानते हैं। ऐसे में बसपा के पुराने समर्थक ही इस बात को मानते हैं कि हाथी को सबसे पहले चुनावी परीक्षा में टॉप करने के लिए चार सबजैक्ट का रिविजन करना होगा। ये रिविजन ही उसकी डिविजन को सुधार देंगे। बसपा के पुराने महावत इस बात पर जोर देते हैं कि बसपा को सबसे पहले अपने कैडर वोट को साधना होगा। उसे सियासत में मिशनरी मूवमेंट को बढ़ावा देना होगा। सरकारी गलियारों में उसका सबसे मजबूत बेस ही बामसेफ है और इस बामसेफ को इसे जिंदा करना होगा। अगर हाथी अपनी इन विषयों का रिविजन करता है तो वो यहां बेहतर स्थिति में आ सकता है। लेकि न अगर पिछला रिकार्ड देखें तो हाथी गली मोहल्ले के चुनाव से लेकर लोकसभा के चुनाव तक पिछड गया है। नगर निगम में हाथी की पोजिशन क्या है सबको पता है। विधानसभा में उसने भाजपा के बागी को टिकट दिया और हाथी तीसरे नंबर पर आया। उसके बाद लोकसभा में हाथी ने फिर फूल वालों के बागी पर भरोसा किया और ठाकुर कार्ड खेला और इस बार तो हालत और बुरी हो गई और यह पहली बार हुआ कि लोकसभा जैसे बड़े चुनाव में हाथी एक लाख वोट भी नहीं ले पाया। हालांकि ये स्थिति केवल गाजियाबाद में ही नहीं यूपी में कई स्थानों पर रही। जब हाथी एक लाख वोट का आंकडा भी पार नही कर सका। अब जब उपचुनाव सर पर है तो यहां बसपा के महावत भले ही लाख दावा करें कि उनके पास उम्मीदवार है लेकिन उम्मीदवार कहां है उम्मीदवार का प्रोफाईल कहा हैं, उसकी दावेदारी का प्रेशर क्या है किसी को नहीं पता, जबकि बसपा के टिकट पर मेयर चुनाव लडने वाले सतपाल चौधरी अब आजाद समाज पार्टी में है और ऐसे में यह अहम सवाल रहेगा कि बसपा का मूल वोट किधर जायेगा।

## अगर डीएम ने दे दिया हाथ को अपना सपोर्ट तो बदल जायेगा सीन

**करंट क्राइम।** विधानसभा उपचुनाव होना है और यहां समीकरण और वोट विभाजन गहरा असर डालेगे। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भाजपा की चुनावी समीक्षा बैठक में इस बात को कह गये है कि भाजपा कार्यकर्ता अति आत्मविश्वास से बचें। वही दूसरी तरफ चुनावी विश्लेषक यह मान रहे है कि वोटों का विभाजन निर्णयायक भूमिका निभायेगा। ऐसे में अगर बसपा जिस डीएम को अपना बता रही है वो डीएम अगर हाथ के साथ चला गया तो बड़ा उलटफेर भी हो सकता है। क्योंकि यहां ये वोट बड़ी संख्या में है और लोकसभा चुनावों में ये वोट इंडिया गठबंधन के पक्ष में जाता दिखाई दिया है। यदि ये डीएम हाथ को सपोर्ट करता है तो फिर हाथी का वोट घट जायेगा और यहां पर एक नया समीकरण निकल कर सामने आयेगा।

# 'महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप, दोषी और उसके मददगार बचने नहीं चाहिए'

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यहां लखपति दीदी का महासम्मेलन हो रहा

### देशभर के लाखों सखी मंडलों के लिए 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की

**मुंम्बई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उन 11 लाख नई 'लखपति दीदी' को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया, जिन्होंने उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान इस मुकाम को हासिल किए हैं। पीएम मोदी ने 2,500 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड भी जारी किया। इससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ होगा। पीएम मोदी ने 5,000 करोड़ का बैंक ऋण भी वितरित किया। इससे 2.35 लाख एसएचजी के 25.8 लाख सदस्य लाभान्वित होंगे।

समारोह के दौरान पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित भी किया। कोलकाता के महिला डॉक्टर से दुष्कर्म-हत्याकांड को लेकर पूरे देश मचे बवाल के बीच पीएम मोदी ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार मुद्दे पर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त करने के साथ ही उनकी सुरक्षा भी देश की प्राथमिकता है। मैंने लाल किले से बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। आज देश का कोई भी राज्य हो, मैं अपनी बहनों-बेटियों के दर्द और गुस्से को समझता हूं। मैं एक बार फिर देश के हर राजनीतिक दल से, हर राज्य सरकार से कहूंगा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध एक अक्षम्य पाप है। जो भी दोषी है, उसे बख्शा नहीं जाना चाहिए। किसी भी रूप में उसकी मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। अस्पताल हो, स्कूल हो, सरकार हो या पुलिस व्यवस्था, जिस भी स्तर पर लापरवाही हुई है, सबकी जवाबदेही होनी चाहिए, सबका हिसाब किया जाना चाहिए। ऊपर से नीचे तक संदेश बहुत स्पष्ट जाना चाहिए। ये पाप अक्षम्य है। सरकारें आती-जाती रहेंगी, लेकिन महिलाओं के जीवन की रक्षा और उनके सम्मान की रक्षा, समाज के तौर पर और सरकार के तौर पर हम सबकी बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में देश की बहनें-बेटियां यहां हैं। मैं आपको ये विशेष रूप से बताना चाहता हूं। पहले शिकायतें रहती थीं कि समय पर एफआईआर दर्ज नहीं होती, सुनवाई नहीं होती, मामलों में देरी होती थी। हमने भारतीय न्याय संहिता में ऐसी अनेक रुकावटें हटा दी हैं। महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार को लेकर इसमें एक विस्तृत कानून बनाया गया है। अगर पीड़ित महिलाएं थाने नहीं जाना चाहतीं तो वो घर बैठे ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकती हैं। हमने ये भी सुनिश्चित किया है कि थाना स्तर पर कोई भी ई-एफआईआर से छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा।



उन्होंने कहा कि नए कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में भी शादी के झूठे वादे और धोखे को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने के लिए केंद्र सरकार हर तरह से राज्य सरकारों के साथ है। हमें भारतीय समाज से इस मानसिकता को खत्म करके ही रुकना होगा। इसलिए आज भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और इसमें महाराष्ट्र की बहुत बड़ी भूमिका है। महाराष्ट्र विकसित भारत का एक चमकता सितारा है।

#### नारी शक्ति को लेकर पीएम मोदी की बड़ी बातें

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज यहां लखपति दीदी का महासम्मेलन हो रहा है। मेरी बहनें यहां बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। आज यहां से देशभर के लाखों सखी मंडलों के लिए 6 हजार करोड़ से अधिक की राशि जारी की गई है। मेरी सभी माताओं-बहनों को बहुत-बहुत शुभेच्छा। प्रधानमंत्री ने कहा, 'लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं आपके पास आया था, तो मैंने वादा किया था कि हमें 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाना है। इसका मतलब है कि जो महिलाएं स्वयं सहायता समूहों में काम करती हैं और उनकी सालाना आय एक लाख रुपये से अधिक है। पिछले 10 साल में एक करोड़ लखपति दीदी बनीं और सिर्फ दो महीने में 11 लाख और लखपति दीदी एक करोड़ बन गईं।' उन्होंने कहा कि हमें महाराष्ट्र का विकास करके, महाराष्ट्र का नाम पूरी दुनिया में और ऊंचा करते रहना है। महाराष्ट्र के संस्कारों को यहां के वीर और धीर माताओं ने सृजित किया है। यहां की मातृशक्ति ने पूरे देश को प्रेरित किया है। लखपति दीदी बनाने का ये अभियान, सिर्फ बहनों-बेटियों की कमाई बढ़ाने का ही अभियान नहीं है। ये पूरे परिवार को, आने वाली पीढ़ियों को सशक्त कर रही है।

#### नेपाल बस हादसे पर दुख जताया

उन्होंने नेपाल बस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मैं नेपाल बस हादसे को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहता हूं। इस हादसे में हमने महाराष्ट्र के अनेक साथियों को खोया है। मैं सभी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। जैसे ही ये हादसा हुआ, भारत सरकार ने तुरंत नेपाल सरकार से संपर्क किया। हमने हमारी मंत्री रक्षा खडसे को तुरंत नेपाल जाने के लिए कहा। हमारे जो परिजन नहीं रहे उनके पार्थिव शरीर को हम वायु सेना के विमान से वापस लाए हैं। जो घायल हैं, उनका अच्छे से इलाज चल रहा है। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

ये गांव के पूरे अर्थतंत्र को बदल रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज चुनौती देता हूं- पहले की सरकारों के सात दशक एक तरफ रख लीजिए और दूसरे तराजू में मोदी सरकार के 10 साल रख लीजिए, जितना काम मोदी सरकार ने देश के बहन-बेटियों के लिया किया है, वो आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ये हमारी सरकार ने तय किया कि जो गरीबों के घर सरकार बनाती है तो वो महिलाओं के नाम पर रजिस्टर्ड हों। अभी तक जो 4 करोड़ घर बने हैं, वो अधिकतर महिलाओं के नाम पर हैं। अभी हम 3 करोड़ और घर बनाने वाले हैं, इनमें से भी अधिकतर घर हमारे माताओं-बहनों के नाम पर ही होंगे। उन्होंने कहा कि आज सवा लाख से अधिक बैंक सखियां, गांव-गांव बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। अब हम बहनों को ड्रोन पायलट भी बना रहे हैं ताकि वे ड्रोन से आधुनिक खेती करने में किसानों की मदद कर पाएं।

## न्यूज डायरी

### युवा पीढ़ी को बचाने एक्शन में अमित शाह, बोले- ड्रग पैडलर की संपत्ति जब्त करें




**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज रविवार को नवा रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कार्यालय का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय,केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे। इस दौरान शाह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने साल 2047 में जब देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाएगी तब इस देश को नशे से मुक्त करने का संकल्प लिया है और धीरे-धीरे यह संकल्प 130 करोड़ की आबादी का संकल्प बनता जा रहा है और मैं मानता हूं कि नशा मुक्त भारत का संकल्प समृद्ध सुरक्षित और वैभवशाली भारत के संकल्प के लिए बहुत महत्वपूर्ण है । एक प्रकार से देखे तो नारकोटिक्स केवल भारत की ही समस्या नहीं है वैश्विक समस्या है, भारत को सबसे ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत है। अगर यह लड़ाई अभी से जुनून के साथ लड़े तो यह लड़ाई हम जीत सकते हैं। मुझे यह कहने में कोई झिझक नहीं है दुनिया के कई देश इस लड़ाई से हार चुके हैं। भारत में नारकोटिक्स के दूषण से न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ बल्कि नारकोटिक्स के अवैध व्यापार से जो धन मिलता है वह धन आतंकवाद-नक्सलवाद और भारत के अर्थतंत्र को मजबूत करने के काम में भी आते हैं। युवा पीढ़ी को बर्बाद करने वाले ड्रग्स तस्करों पर लगाम लगेगी, उन्हें बख्शा नहीं जायेगा। ऑफिसर ड्रग पैडलर की संपत्ति जब्त करें। इसमें थोड़ा भी झिझके नहीं। छत्तीसगढ़ में गांजा का उपयोग 4.98 फीसदी है, जो राष्ट्रीय औसत से बहुत ज्यादा है।

#### हर राज्य में खुलेगा नारकोटिक्स कंट्रोल

उन्होंने कहा कि यह युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का तरीका है और दूसरे और देश की सुरक्षा के साथ नारकोटिक्स से धन से अर्जित करना विधान है। हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ हम देश को नारकोटिक्स फ्री बनाएं। नशा मुक्त बनाएं। पीएम मोदी ने जो संकल्प है उसे पूरा करें। आज रायपुर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल ऑफिस का वर्चुअल उद्घाटन हुआ। 5 हजार स्क्वायर फीट में ये भवन फैला हुआ है जो नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए अपने आप में कंप्लीट ऑफिस है। मैं राज्य सरकार का धन्यवाद करता कि हमें भूमि और बाकी सभी सुविधाएं प्रदान की। इनके अंदर प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम समेत सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। यह नारकोटिक्स कंट्रोल के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। हमारा लक्ष्य है कि हर राज्य में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से राज्य सरकार के सहयोग से इसके दूषण को कंट्रोल करने का काम किया जाएगा।

#### 'ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा'

शाह ने कहा कि ड्रग ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा है। इसके तस्कर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जितनी कम मात्रा में ड्रग्स आती है और सबसे ज्यादा नुकसान और सबसे ज्यादा कम कीमत भी उसी की होती है। छत्तीसगढ़ में इसका उपयोग का प्रतिशत 1.1 है, जो सबसे ज्यादा है। एक प्रकार से छत्तीसगढ़ में गांजा की तस्करी आंध्र और ओडिशा की सीमा से होती है। छत्तीसगढ़ में गांजा के नशे का उपयोग 4 फीसदी है जो राष्ट्रीय औसत से 2.83 प्रतिशत ज्यादा है। यह हमारे लिए चिंता का विषय है। इस देश में एक छोटी सी पुड़िया दुकान से बनती है तो ये कब और कहां से आई। इसे ध्वस्त करने के लिए हमें इन्वेस्टिगेशन करना पड़ेगा। नारकोटिक्स का केस कोई एक केस नहीं हो सकता है।

## 'सीएम केजरीवाल को जेल में रखने के लिए सीबीआई ने झूठ बोला, यह भाजपा की साजिश' : आप

**नई दिल्ली।** आप ने केजरीवाल को जेल में बंद करने के विरोध में सीबीआई पर आरोप लगाया है। आप ने कहा कि केजरीवाल को जेल में रखने के लिए सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में झूठ बोला है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की पदयात्रा 8वें दिन बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के संत नगर पहुंची। यहां लोगों ने पगड़ी बांधकर और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। लोगों ने ह्यमनीष सिसोदिया आ गए, केजरीवाल भी आएंगे, काम किया है काम करेंगे, भ्रष्टाचार का एक ही काल, केजरीवाल-केजरीवाल के नारे लगाए। इस दौरान जनता से सीधा संवाद करते हुए सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में देश और दिल्ली की जनता के लिए तपस्या कर रहे हैं। जब वह तपस्वी बाहर आएंगे, तब भाजपा को पता चलेगा कि एक तपस्वी का तेज क्या होता है, ये लोग उनका मुकाबला नहीं कर पाएंगे। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि केजरीवाल किसी अपराध की वजह से जेल नहीं गए, बल्कि भाजपा की साजिशों की वजह से गए हैं। उन्होंने कहा कि वह संविधान की ताकत से बाहर आए हैं और केजरीवाल भी इसी ताकत से बाहर होंगे। इस अवसर पर बुराड़ी से आप विधायक संजीव झा समेत कई पार्षद समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



केजरीवाल को जेल में रखने के लिए सीबीआई ने झूठ बोला : आप

आप ने केजरीवाल को जेल में बंद करने के विरोध में सीबीआई पर आरोप लगाया है। आप ने कहा कि केजरीवाल को जेल में रखने के लिए सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में झूठ बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया कि भाजपा के एजेंडे पर सीबीआई कठपुतली बनकर कार्य कर रही है। उन्होंने दावा करते हुए साझा किया कि जिस दिन अदालत में सीबीआई कहती है कि जमानत याचिका पर उनका जवाब तैयार नहीं है, इसलिए जमानत की सुनवाई 14 दिन आगे बढ़ा दी जाए, उसी दिन सीबीआई का जवाब सार्वजनिक कर दिया जाए, ताकि सीबीआई का जवाब एक तरफा लगे।

#### भाजपा ने पांच माह से बुजुर्गों की पेंशन रोक रखी थी : आप

दिल्ली सरकार ने पांच माह से रुकी बुजुर्गों की पेंशन जारी कर दी है। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पांच माह से बुजुर्गों को हर महीने मिलने वाली 2500 रुपये पेंशन रोक रखी थी और वे दर-दर की ठोकरें खा रहे थे। शनिवार को आप विधायक दुर्गेश पाठक ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के पीछे भाजपा का एकमात्र मकसद दिल्ली के काम रोककर लोगों को परेशान करना है।

#### भाजपा ने की स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के इस्तीफे की मांग

भाजपा ने दिल्ली सरकार पर लचर स्वास्थ्य व्यवस्था का आरोप लगाते हुए अस्पतालों के कुप्रबंधन के लिए स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के कुप्रबंधन और व्यापक भ्रष्टाचार ने दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था लचर बना दिया है।

#### केजरीवाल को जमानत मिले या जेल कानून अपना काम कर रहा : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका की सुनवाई को 5 सितंबर तक स्थगित करने वाले फैसले पर कहा है कि केजरीवाल को जमानत मिले या जेल, कानून अपना काम कर रहा। कांग्रेस पार्टी संवैधानिक न्याय व्यवस्था में विश्वास रखती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मनीष सिसोदिया का यह कहना कि संविधान और न्याय हमेशा सत्य के साथ खड़ा रहेगा और मंत्री आतिशी का कहना कि सत्य जीतेगा यह दुख को छिपाने वाला है।

## सपा-कांग्रेस आरक्षण विरोधी, भविष्य में भी इनसे कोई गठबंधन नहीं करेंगे : मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा-कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताते हुए इन दलों के साथ भविष्य में भी किसी भी तरह के गठबंधन से इन्कार किया है। रविवार को सोशल साइट पर जारी किए गए अपने बयान में उन्होंने सपा-कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस से सवाल किया कि सत्ता में रहते इन्होंने जातीय जनगणना क्यों नहीं करवाई। उन्होंने कहा कि कल (शनिवार) प्रयागराज में संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे, जिसने संविधान के मुख्य निमार्ता बाबा साहेब को उनके जीते-जी व देहान्त के बाद भी भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया। साथ ही, बाबा साहेब की मूवमेन्ट को गति देने वाले कांशीराम जी का देहान्त होने पर इसी कांग्रेस ने केन्द्र में अपनी सरकार के रहते इनके सम्मान में एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक तथा सपा सरकार ने भी राजकीय शोक घोषित नहीं किया। इनकी ऐसी दोगली सोच, चाल और चरित्र से जरूर सजग रहें। इसके अलावा केन्द्र में बीजेपी की सत्ता आने से पहले कांग्रेस ने अपनी सरकार में राष्ट्रीय जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई थी जो अब इसकी बात कर रहे हैं, जवाब दें? जबकि बीएसपी इसकी हमेशा ही पक्षधर रही है, क्योंकि इसका होना कमजोर वर्गों के हित में बहुत जरूरी है।



संविधान के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति को मिले आरक्षण में अब वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के जरिये, इसे निष्प्रभावी बनाने व खत्म करने की चल रही साजिश के विरोध में कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि का भी चुप्पी साधे रखना क्या यही इनका दलित प्रेम है, सचेत रहें। सपा व कांग्रेस आदि जैसी इन आरक्षण विरोधी पार्टियों के साथ अब किसी भी चुनाव में इनसे कोई गठबंधन करना क्या अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के हित में उचित होगा। यह कतई नहीं होगा ऐसे में अब इनको खुद अपने दम पर खड़े होना है, यही सलाह है।

## कांग्रेस को 4 अक्टूबर के बाद दिखाएंगे असली फिल्म : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**सोनीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा पूरी तरह से एक्शन मोड में है, और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत में कई बड़े कार्यक्रमों में भाग लिया। जोगी समाज के कार्यक्रम के बाद, मुख्यमंत्री सैनी शाम 4 बजे गोहाना में होने वाली जन आशीर्वाद रैली को भी संबोधित करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को सोनीपत के गांव सनपेड़ा में जोगी समाज द्वारा आयोजित हरियाणा स्वाभिमान रैली को संबोधित किया। रैली के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि अभी तो यह सिर्फ ट्रेलर है, असली फिल्म 4 अक्टूबर को मतगणना के बाद दिखाई जाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को गैस सिलेंडर 500 रुपये में चाहिए तो उन्हें बीपीएल कार्ड बनवाना पड़ेगा। सैनी ने कहा कि भाजपा कांग्रेस को दिखाएगी कि असल में सरकार कैसे चलाई जाती है। मुख्यमंत्री सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा के लोगों ने देख लिया है कि बीसी समाज के बेटे ने क्या काम करके दिखाया है।



उन्होंने जोगी समाज के लोगों की आजादी के संघर्ष में दी गई कुर्बानियों को याद किया और कहा कि जोगी समाज ओबीसी समाज का ही एक हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी समाज का शोषण किया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समाज को अधिकार दिए हैं। सैनी ने यह भी कहा कि ओबीसी बिल को संसद में लाने पर सबसे पहले कांग्रेस ने ही विरोध किया था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश में आचार संहिता लागू हो चुकी है, वरना और भी विकास कार्य करके विपक्ष को दिखाया जा सकता था। उन्होंने यह दावा किया कि भाजपा चुनावों के बाद कांग्रेस को दिखा देगी कि असली काम कैसे होता है। हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा पूरी तरह से एक्शन मोड में है, और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत में कई बड़े कार्यक्रमों में भाग लिया। जोगी समाज के कार्यक्रम के बाद, मुख्यमंत्री सैनी शाम 4 बजे गोहाना में होने वाली जन आशीर्वाद रैली को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा और अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## सीएम योगी ने दिए निर्देश- यूपी की हर जेल और थाने में भव्यता और भक्तिभाव के साथ मनाई जाए जन्माष्टमी

**लखनऊ।** जन्माष्टमी पर्व को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं। जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे प्रदेश में घरों और मंदिरों के साथ-साथ पुलिस थानों, कारागारों और पुलिस लाइन में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव से मनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व से पूर्व सभी रिजर्व पुलिस लाइंस, पुलिस थानों एवं कारागारों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व परंपरागत भक्तिभाव से मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम ने प्रदेश भर में कृष्णलीला, झांकी और शोभायात्रा के आयोजनों के दौरान वहां सुरक्षा, सफाई व अन्य व्यवस्थाएं सुचारू रूप से करने के आदेश दिए हैं।



#### श्रीकृष्ण जन्मस्थली मथुरा में बरती जाए विशेष सतर्कता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जन्माष्टमी पर्व को लेकर रविवार को अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा एवं धूम-धाम से मनाया जाता है, जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मथुरा नगर स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि/शाही ईदगाह मस्जिद स्थल अत्यन्त संवेदनशील है। यह स्थल आईएसआई व विभिन्न आतंकवादी संगठनों के निशाने पर भी है। इसको देखते हुए भी विशेष सतर्कता एवं समुचित पुलिस प्रबंध किए जाएं।

#### आयोजन स्थलों पर हो पर्याप्त पुलिस की व्यवस्था

सीएम योगी ने निर्देश दिए कि समस्त जनपदों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से संबंधित समस्त आयोजन, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर एवं शोभायात्राओं को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध पुलिस की व्यवस्था की जाए। साथ ही समस्त आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित संख्या का आंकलन करते हुए सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी नई परंपरा की अनुमति कदापि न दी जाए। असामाजिक, साम्प्रदायिक तत्वों की सूची को अपडेट करें और आवश्यकता पड़ने पर इन साम्प्रदायिक एवं अवांछनीय तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त जनपदों की पुलिस लाइन तथा इस्कान मंदिरों में वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जहां काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु, महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग सम्मिलित होते हैं। इन कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपदीय प्रभारी द्वारा प्रभावी सुरक्षा और यातायात प्रबंधन किया जाए।

#### झांकियों, शोभायात्राओं के दौरान न उत्पन्न हो विवाद की स्थिति

सीएम योगी ने पूजा अर्चना, शोभायात्रा के दौरान किसी भी तरह के विवाद की स्थिति न बने, इसको लेकर भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विवादित स्थलों पर झांकियों को सजाने, शोभायात्रा के मार्ग में विवाद एवं नए मार्गों को लेकर अक्सर विवाद देखने को मिलते हैं। इसके साथ ही, परंपरा से हटकर कार्यक्रमों के आयोजन तथा गैरपरंपरागत जुलूस/शोभायात्रा निकाले जाने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग का भी उपयोग किया जाता है।

## हिमाचल के नाहन में पेड़ काटने के दौरान हादसा, कई गाड़ियां दबीं

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के नाहन में रविवार सुबह एक भारी-भरकम पेड़ के काटने के दौरान लापरवाही से एक बड़ा हादसा हुआ। पेड़ काटने के दौरान नीचे खड़ी कई गाड़ियां दब गईं। हादसे की चपेट में एक चलती कार भी आ गई। यह हादसा महिमा लाइब्रेरी, डीसी ऑफिस और कोर्ट जाने वाले मार्ग पर हुआ। जानकारी के अनुसार, काली स्थान मंदिर परिसर में पेड़ काटने का काम किया जा रहा था, इसी दौरान पेड़ सड़क पर चल रही गाड़ी पर जा गिरा। इस दौरान न तो यातायात को रोका गया था और न ही वहां खड़ी गाड़ियों को हटाना जरूरी समझा गया। गनीमत यह रही कि पेड़ कार के बोनट पर गिरा और बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे के बाद यातायात प्रभावित हो गया। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि पेड़ को बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के काटा जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हादसे की चपेट में आने वाली चलती कार में एक छोटे बच्चे समेत तीन लोग सवार थे। कार सवार महिला ने प्रशासन की लापरवाही के लिए जमकर खरी-खोटी सुनाई और सख्त कार्रवाई की मांग की। महिला ने कहा कि इस तरह के काम से पहले सावधानी बरतनी चाहिए थी। ट्रैफिक को रोकना चाहिए था।



महिला ने सवाल किया कि यदि कोई हादसा होता तो कौन जिम्मेदार होता? महिला ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। कार सवार एक अन्य शख्स ने कहा कि इस मामले में सही से जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। ठेकेदार से लेकर उस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए जिसने ट्रैफिक को रोके बिना पेड़ काटने का काम शुरू किया।

दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली।। सोमवार 26 अगस्त-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित










# के लिए सजे शहर के मंदिर, इस्कॉन टेम्पल सहित पुलिस लाइन में होगा भव्य आयोजन

## इस्कॉन मंदिर पर सुरक्षा के किए गए हैं पुख्ता इंतजाम, मोहन नगर मंदिर से लेकर सोसायटियों में रहेगी रौनक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोमवार को जन्माष्टमी का पर्व है और जन्माष्टमी के पर्व को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी पुलिस अधिकारियों को पुलिस लाइन और थानों के मंदिर में जन्माष्टमी आयोजन का निर्देश दिया है। इसके साथ ही जन्माष्टमी को लेकर गाजियाबाद के प्रमुख इस्कॉन मंदिर से लेकर अन्य प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा के इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए हैं। उधर राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरा रहेगा। यहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ ही महिला पुलिस और सुरक्षा के लिहाज से मेटल डिटेक्टर गेट भी लगाए गए हैं। वहीं पुलिस लाइन में भी पुलिसकर्मियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।









### इस्कॉन मंदिर में लगेगा विशेष भोग

**करंट क्राइम :** जन्माष्टमी के महोत्सव को यादगार और शानदार बनाने के लिए राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में सजावट की गई है। मंदिर मार्ग के सभी प्रमुख रास्तों पर रोशनी के लिए लाइटिंग और मंदिर के प्रवेश द्वारा को खुशबूदार फूलों से सजाने का काम किया जा रहा है। वही कृष्ण भगवान के अलग-अलग रूप की मंदिर में बनी प्रतिमाओं को सजाया गया है। जन्माष्टमी के अवसर पर इस्कॉन मंदिर में लगभग 16 घंटे से अधिक दर्शन कार्यक्रम चलेगा। जहां लोगों को भगवान लड्डू गोपाल के अलग-अलग रूप भी देखने को मिलेंगे। वहीं भगवान कृष्ण को पसंद आने वाले अलग-अलग व्यंजन भी बनाए जाएंगे और उनका ही भोग भी लगाया जाएगा।

### वृंदावन की तर्ज पर सजा है बिहारी जी के फूलों का बंगला

**करंट क्राइम :** राजनगर सेक्टर-11 स्थित इस्कॉन मंदिर में कान्हा का जन्म भव्य रूप से मनाया जाएगा। वृंदावन की तर्ज पर बिहारी जी के फूलों का बंगला बनाया गया है। सोमवार को जन्माष्टमी के मौके पर सुबह बजे मंगला आरती होगी। इसके अलावा दोपहर 12 बजे, पांच ब शाम सात और रात 12 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रहेगा। 1008 प्रकार के व्यंजनों से भगवान श्रीकृष्ण को भोग लगाने की तैयारी की है। रात्रि सात बजे से लड्डू गोपाल का अभिषेक, नौ बजे के बाद श्रीकृष्ण एवं राधा रानी का अभिषेक होगा। मंदिर के सचिव सुरेश्वर दास ने बताया कि मंदिर से लेकर सेक्टर-10 तिराहे तक रंग बिरंगी लाइट लगाई गई है।

### कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों में रहेगी अतिरिक्त सुरक्षा

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना ने जानकारी दी है कि जन्माष्टमी के मद्देनजर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन के सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास पुलिसकर्मियों को पार्किंग व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।



इसके साथ ही सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की भी तैनाती रहेगी। वहीं किसी प्रकार की घटना ना हो, इसके लिए महिला पुलिसकर्मियों को भी मंदिर के प्रवेश द्वार पर मुख्य रूप से तैनात किया गया है।

# ये नहीं रही है गाजियाबाद की सियासी तहजीब अम्बेडकर पार्क की घटना नहीं मानी जायेगी ठीक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में वैचारिक मतभेद होते हैं। राजनीति में विचारधाराओं का टकराव भी होता है लेकिन इन सबके बीच सियासी शिष्टाचर एक ऐसा शब्द है जो सभी विचारधाराओं के बीच समन्वय पैदा करता है। गाजियाबाद के अम्बेडकर पार्क में भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर आये और इस दौरान आरक्षण नीति को लेकर एक युवक ने काला झंडा दिखाने की कोशिश की। लोकतंत्र में सभी को अधिकार है यदि कोई अराजकता पैदा कर रहा है तो उसे हिरासत में लेने का काम पुलिस का है। मगर यहां अचानक से आजाद समाज पार्टी के समर्थकों ने युवक पर हमला बोल दिया और उस पर लाठी डंडो के प्रहार किये। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया लेकिन एक बड़ा सवाल गाजियाबाद के सियासी गलियारों में खडा हो गया है वो ये है कि क्या ये गाजियाबाद की सियासी तहजीब है तो जवाब मिलेगा नहीं। यहां तो चुनावों के दौरान अगर दो दल आमने सामने भी आ जाते हैं तो अभिवादन का आदान प्रदान होता है और फिर दोनों दल अपनी अपनी राह पकड़ लेते हैं। अबसे पहले भी झंडे दिखाये गये



हैं, जुलुस निकाले गये है। मुख्यमंत्री होते हुए अखिलेश यादव जब लैपटॉप बांटने कमला नेहरू नगर आये थे तो हापुड चुंगी पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया था। पुलिस ने उन्हें रोका था लेकिन सपा कार्यकताओं से कोई टकराव नहीं हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गाजियाबाद आये तो मनमोहन गामा ने उन्हें काला झंडा दिखाया था लेकिन किसी भाजपा कार्यकर्ता ने उनपर हमला नहीं किया। ये गाजियाबाद की एक सियासी परम्परा है। लेकिन अम्बेडकर पार्क में जो कुछ हुआ वह किसी भी दृष्टि से सही नही माना जा सकता। यदि दूसरे दल का दूसरी विचारधारा का कोई व्यक्ति आ भी गया तो उससे निपटने के लिए पुलिस बल है। लेकिन राजनीतिक कार्यकताओं का इस कदर हिंसक हो जाना सियासी शिष्टाचार के खिलाफ बात है। मुद्दा के केवल काले झंडे का नहीं है यदि हमें एक शहर में रहना है तो हमें सियासी वफादारी से पहले अपने शहर की तरफदारी है। विरोध के बदले विरोध हो सकता था लेकिन विरोध के बदले लाठी डंडों से हमला ठीक नहीं है। सियासी दलों के बड़े नेताओं को भी अपने कार्यकताओं को यह सीख देनी होगी कि वो राजनीति में मर्यादित आचरण का पालन करें।

# घड़ी शोरूम में करोड़ों की चोरी के मामले में पुलिस नहीं जोड़ पा रही कड़ी, 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ हैं खाली

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के सीआईएसएफ रोड पर 11 अगस्त को हुई करोड़ों रुपए की घड़ी शोरूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस अभी तक 15 दिन बाद भी कड़ी जोड़ पाने में नाकामयाब साबित हो रही है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा इस पूरी घटना के अनावरण के लिए तीन टीमों का गठन किया गया था। जिसमें सूत्रों से जानकारी मिली है कि

करंट क्राइम फॉलोअप

पुलिस की एक टीम दिल्ली, दूसरी टीम मध्य प्रदेश के गुना और तीसरी टीम बिहार में आरोपियों की तलाश करने में जुटी हुई है। करोड़ों रुपए की घड़ी शोरूम में हुई चोरी के मामले में पुलिस के आलाधिकारियों ने चौकी प्रभारी और थाना प्रभारी को कार्रवाई करते हुए पद से हटाने का काम किया था। इसके साथ ही पुलिस के शीर्ष अधिकारी भी इस पूरे मामले पर नजर रखने का काम कर रहे हैं। इस पूरे मामले में आईपीएस अधिकारी व डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल का कहना है कि चोरी के खुलासे के लिए टीमें लगी हुई हैं।



### पहले पैदल और फिर ऑटो या बस से भागे थे चोर

**करंट क्राइम :** 11 अगस्त को इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में ब्रांडेड घड़ी शोरूम में हुई चोरी के मामले में चोरों की संख्या 8 से 10 होने की बात अभी तक की जांच के बाद सामने आई है। इसमें एक बात निकलकर यह भी आई है कि चोरों ने वारदात करने के बाद सेक्टर-62 नोएडा तक पैदल ही सफर तय किया था। इसके बाद वह आगे बस या ऑटो में सफर करते हुए दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम को खोलने के लिए लगातार सर्विलांस और मुखबिरी सिस्टम के अलावा सीसीटीवी फुटेज का भी सहारा लेने का काम कर रही है।

### पहले भी हुई है इस तरीके की कई वारदातें

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अभी तक पुलिस करोड़ों रुपए की इस चोरी के मामले को खोल नहीं पाई है। इससे पहले भी करीब एक दशक पहले इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के एक मॉल में डायमंड शोरूम को चोरों ने बेहद खुफिया अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। साथ ही राजेंद्र नगर इलाके में एक ज्वेलर्स की दुकान का शटर भी इसी तरीके से कपड़ा गैंग द्वारा काटा गया था और माल उड़ाया गया था।

### 500 से ज्यादा सीसीटीवी की फुटेज से नहीं मिला कोई सुराग

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले ट्रांस हिंडन जोन के इंदिरापुरम थानाक्षेत्र की चौकी कनावनी क्षेत्र में हुई घड़ी शोरूम में तीन करोड़ रुपए के आसपास की चोरी के मामले में पुलिस 500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम कर चुकी है लेकिन अभी तक आरोपियों के बारे में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हासिल नहीं हुए हैं। अधिकारियों ने दावा किया है कि इस पूरी सीसीटीवी वर्किंग के द्वारा तीन संदिग्ध गाड़ियों के बारे में भी जानकारी मिली थी। उसको भी पता करने का काम पुलिस कर रही है लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस इस पूरे मामले में खाली हाथ हैं।




# सांसद चंद्रशेखर आजाद के कार्यक्रम में हमले का मामला, मारपीट और लूट करने वालों पर मुकदमा दर्ज

## दो नामजद सहित 15 से 20 अज्ञात के खिलाफ लिखा गया घंटाघर कोतवाली में मुकदमा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को नवयुग मार्केट में आजाद पार्टी के प्रमुख व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का कार्यक्रम था। इस दौरान आकाश चंदेल नाम के व्यक्ति ने विरोध करते हुए काले झंडे दिखाये, तो सांसद के कार्यकर्ताओं ने उनकी जमकर पिटाई कर दी।

करंट क्राइम फॉलोअप

इस मामले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 2, 191 3, 109, 352 और 309-6 के तहत दर्ज किया गया है। घंटाघर कोतवाली पुलिस ने कपिल बेदी, अंकित के साथ ही 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा है। इस मामले में डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान कर ली गई है। मुकदमा लिखा गया है। साथ ही जल्द ही गिरफ्तारी का प्रयास कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही इस मामले में जो शिकायत दी गई है, उसमें चंद्रशेखर आजाद सांसद को भी आरोपी बनाया गया है।

### मारपीट का वायरल हुआ था वीडियो

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में घंटाघर कोतवाली पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर इस पूरे मामले में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही चंद्रशेखर आजाद के समर्थकों ने आकाश चंदेल की सोशल मीडिया पोस्ट भी वायरल की है। इसके साथ ही आकाश चंदेल की कुछ फोटो चंद्रशेखर आजाद पार्टी के सदस्यों ने हिंदू रक्षा दल के जेल में बंद अध्यक्ष पिंकी चौधरी के साथ भी वायरल की गई हैं। बता दें की पिंकी चौधरी वर्तमान में कथित बांग्लादेशियों की मारपीट के मामले में जेल पर बंद हैं।



### आकाश चंदेल ने दी थी पुलिस को शिकायत

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है इस मामले में आकाश चंदेल के साथ कुछ अधिवक्ता भी खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने इस मामले में सांसद चंद्रशेखर आजाद और उसके बीच कार्यकर्ताओं पर मारपीट और लूट की एफआईआर लिखवाई है। चंद्रशेखर के समर्थकों ने काले झंडे दिखाने पर वाल्मीकि समाज के लोगों पर हमला किया था। साथ ही आरोप है कि लाठी डंडे और बेल्ट से बुरी तरह पीटने का वीडियो भी सामने आया था। पुलिस इस पूरे मामले में कार्रवाई की तैयारी कर चुकी है।

## संपादकीय

# अमन की राह में भारत के कदम

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से स्वाभाविक ही सबको काफी उम्मीदें थीं। खुद प्रधानमंत्री भी वहां रवाना होने से पहले काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता।

यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं।

पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे।

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। दोनों में से कोई, किसी भी रूप में झुकने को तैयार नजर नहीं आता। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे कठिन सवाल है। भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।

# एफपीआई ने बीते सप्ताह शेयर बाजार में निवेश किए 4,897 करोड़ रुपये




**मुंबई।** विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में पिछले सप्ताह करीब 4,900 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह निवेश ऐसे समय पर हुआ है, जब पिछले कुछ समय से विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली कर रहे थे। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से 19 से 23 अगस्त के बीच 4,897.16 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया गया। इससे पहले के सप्ताह में (12 से 17 अगस्त के बीच) एफपीआई ने शेयर बाजार में 7,769.73 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। एफपीआई द्वारा पिछले सप्ताह खरीदारी करने के बाद भी पूरे अगस्त में विदेशी निवेशकों द्वारा किया गया शुद्ध निवेश नकारात्मक बना हुआ है। विदेशी निवेशकों ने अगस्त की शुरूआत से अब तक 16,305 करोड़ रुपये का निकासी की है। एक तरफ विदेशी निवेशक बिकवाली कर रहे हैं। वहीं, घरेलू निवेशक जमकर शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं। अगस्त की शुरूआत से अब तक विदेशी निवेशक भारतीय बाजारों में 47,080.38 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि जुलाई में विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार थे। उनकी ओर से करीब 32,365 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश भारतीय बाजारों में किया गया है। भारतीय शेयर बाजारों में लगातार तेजी बनी हुई है। इस साल अब तक निफ्टी 14 प्रतिशत और सेंसेक्स 12 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। भारतीय शेयर बाजारों में तेजी का बड़ा कारण देश की जीडीपी की विकास दर तेज होना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था थी। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है।

# ब्याज दरों में कटौती, एफआईआई समेत यह फैक्टर अगले हफ्ते बाजार के लिए होंगे अहम



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता काफी शानदार रहा। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने 0.81 प्रतिशत और 1.15 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दिया है। यह लगातार दूसरा हफ्ता था, जब बाजार सकारात्मक बंद हुए हैं। बीते हफ्ते विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा 1,608.89 करोड़ रुपये की कैश में बिकवाली की गई है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 13,020.29 करोड़ रुपये की खरीदारी की गई थी। आने वाले में बाजार का आउटलुक कई वैश्विक और घरेलू फैक्टर्स पर निर्भर करेगा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की ओर से ब्याज दरों में कमी के संकेत दिए गए हैं। हालांकि, इसकी टाइमलाइन पर कोई खुलासा नहीं किया गया है। इसका असर आने वाले हफ्ते में भारत के साथ-साथ वैश्विक बाजारों पर देखने को मिल सकता है। इसके अलावा अमेरिकी और जापान द्वारा अहम आर्थिक आंकड़े जारी किए जाएंगे, जिन पर निवेशकों की निगाहें होंगी। घरेलू स्तर पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की ओर से किए जाने वाले कारोबार पर निवेशकों की निगाहें होंगी। इसके अलावा कच्चे तेल की चाल का भी असर भारतीय बाजारों पर देखने को मिल सकता है।

# एक्सप्लेनर: यूपीएस में कैसे सरकारी कर्मचारियों को मिलेगा पुरानी पेंशन योजनाओं से ज्यादा फायदा




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का ऐलान किया गया है। यह एक नई योजना है इसे सरकारी कर्मचारियों के लिए लाया गया है। इस स्कीम को 1 अप्रैल, 2025 से लागू किया जाएगा। अब सरकारी कर्मचारियों को पेंशन पाने के लिए यूपीएस और न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) में से किसी एक विकल्प को चुनना होगा। वहीं, कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) भी लागू है। आइए समझते हैं कि यूपीएस, एनपीएस और ओपीएस में क्या अंतर है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) केंद्र सरकार की ओर से लॉन्च की गई है। इसके तहत केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को पेंशन दी जाएगी। सरकारी कर्मचारी के 25 साल नौकरी करने पर रिटायर होने के बाद उसकी पिछले 12 महीने की बेसिक सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप दिया जाएगा। इसी स्कीम की खास बात यह है कि इसमें एश्योर्ड पेंशन का प्रावधान है। अगर कोई व्यक्ति 10 साल नौकरी करता है तो उसे कम से कम 10 हजार रुपये पेंशन दी जाएगी। इसमें फैमिली पेंशन का भी प्रावधान है। अगर रिटायर के बाद कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसकी पेंशन का 60 प्रतिशत हिस्सा परिवारजनों को मिलेगा। यूपीएस में रिटायरमेंट पर एकमुश्त (ग्रेच्युटी से अलग) राशि भी दी जाएगी। इसकी गणना कर्मचारी के हर 6 महीने की सेवा पर मूल वेतन और महंगाई भत्ते के 10वें हिस्से के तौर पर किया जाएगा। यूपीएस में रिटायरमेंट के बाद पेंशन बढ़ने का भी प्रावधान है, जिसे इंडेक्सेशन से जोड़ा गया है। यूपीएस केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए है। इससे 23 लाख से ज्यादा केंद्रीय सरकारी कर्मचारी लाभान्वित होंगे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यूपीएस की फायदे को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिसके आधार पर हमने यूपीएस, एनपीएस और ओपीएस की तुलना की है। *यूपीएस केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए है। वहीं, एनपीएस सरकारी और निजी दोनों क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए है। ओपीएस भी सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए थी। यूपीएस में पिछले 12 महीने की औसत बेसिक सैलरी का 50 प्रतिशत रिटायरमेंट के बाद पेंशन के रूप में दिया जाएगा। एनपीएस में रिटायरमेंट के बाद कोई गारंटीड पेंशन का प्रावधान नहीं था, जबकि ओपीएस में आखिरी बेसिक सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में दिया जाता था। यूपीएस और ओपीएस एक सुरक्षित स्कीम है। वहीं, एनपीएस शेयर बाजार से लिंक है।

# पीएलआई स्कीम से भारत में स्थानीय ईवी मैन्युफैक्चरिंग को मिल रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** घरेलू स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का विनिर्माण बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार 25,938 करोड़ रुपये की प्रोडक्शन लिंक्ड इनिशिएटिव (पीएलआई) स्कीम चला रही है। इस स्कीम का असर उद्योग पर भी देखने को मिला है।

केंद्र सरकार ने ईवी सेक्टर में पीएलआई स्कीम के तहत ऑटो कंपनियों से आए 74 में से 50 आवेदनों को मंजूरी दे दी है। वहीं, 24 आवेदनों को समीक्षा के लिए रखा गया है। पीएलआई स्कीम के तहत मंजूर किए गए आवेदनों से ईवी सेक्टर में कुल 17,896 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। वहीं, (31 मार्च 2024 तक) कुल बिक्री का आंकड़ा 3,370 करोड़ रुपये को पार कर गया है। पीएलआई स्कीम के तहत ऑटो कंपनियां ईवी की वार्षिक बिक्री के आधार पर 13 से 15 प्रतिशत की सरकारी सहायता ले सकती हैं। इससे कंपनियों को नई टेक्नोलॉजी होने के कारण उच्च लागत को कम करने में मदद मिलती है। सरकार की ओर से लगातार कहा गया है कि वह देश में एडवांस ईवी इकोसिस्टम और स्थानीय मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की ओर से ईवी इकोसिस्टम बढ़ाने के लिए कई अन्य स्कीम जैसे एडवांस केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के लिए 18,100 करोड़ रुपये की पीएलआई, 778 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। केंद्रीय भारी उद्योग और स्टील मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा पीएलआई, फेम, ईएमपीएस और एडवांस कैपिटल गुड्स स्कीम जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों बिक्री की संख्या ने पिछले महीने एक लाख के आंकड़े को पार किया था। वहीं, इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों का आंकड़ा 63 हजार को पार कर गया था। केंद्र सरकार की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में देश में ईवी वाहनों के पंजीकरण में 42.06 प्रतिशत का इजाफा हुआ था।

## राशिफल

**मेष:** आपको कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। चीजों को समय से पूरा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। जल्दबाजी में निर्णय न लें और जोखिम से बचें।
**वृष:** आज आप परिवार के साथ बेहतर समय बिताएंगे। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग से जुड़े हैं उन्हें आज तरक्की के कुछ मौके मिल सकते हैं।
**मिथुन:** आज आपको रोजगार के क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इनके घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। ख्याली पुलाव पकाने में समय बर्बाद न करें।
**कर्क:** घर में किसी नए सदस्य के आने की खबर आपको जल्द ही सुनने को मिलेगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध सुधरेंगे। वह आपका भरपूर सहयोग करेंगे।
**सिंह:** आपकी सेहत में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। जिससे इच्छा के अनुसार सारे काम पूरे नहीं हो पाएंगे। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।
**कन्या:** रचनात्मक कार्यों में लगे लोगों के लिए यह बहुत अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें वह प्रसिद्धि और पहचान मिलेगी जिसकी उन्हें लंबे समय से तलाश थी।
**तुला:** दिन मिले-जुले परिणाम वाला रहेगा, लेकिन बड़े पैमाने पर चीजें आपके पक्ष में होंगी। कार्यक्षेत्र में रुकावटें और मुश्किलें आएंगी। खर्चे बढ़ेंगे।
**वृश्चिक:** आप थोड़ी सी मेहनत करेंगे तो बड़ा मुनाफा हो सकता है। समाज में मान-प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी और अब तक रुके हुए सभी कार्य परिवारजनों के सहयोग से पूरे होंगे।
**धनु:** आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोधी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। विद्यार्थियों को अधिक मेहनत करने की जरूरत है।
**मकर:** आज आपको खुद को साबित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। सीनियर्स को खुश करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।
**कुंभ:** आज लोगों का आप पर विश्वास बना रहेगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल है। सफलता आपके कदम चूमेगी।
**मीन:** आज आपकी जिम्मेदारियां बढ़ने वाली हैं। इसके लिए तैयार रहो। अपने परिवार की बेहतरी के लिए कड़ी मेहनत करें। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

महिला – ये लिपस्टिक कितने का है?
दुकानदार – 17 रुपए का।
महिला – मैं पचास रुपए से एक रुपया भी ऊपर नहीं दूंगी,
देना है तो दो।
दुकानदार – बहन जी आपने लगता है गलत सुना मैंने 70 नहीं 17 रुपए बोला है।
महिला – 12 रुपए में देना है तो बात करो।
इसे देख दुकानदार अपना सिर पीटने लगा दीवार पर।

टीना – तुम्हारी दिल्ली कि यात्रा कैसी रही?
मीना – अरे! क्या बताऊ यार! रास्ते में मेरे पति पानी लेने उतरे,
और गाड़ी चलने लगी, और वह स्टेशन पर ही रह गए।
टीना – तुम्हारी पीड़ा मैं समझ सकती हूं।
तुम्हें इस लंबे सफर में प्यासा ही रहना पड़ा होगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- वे किसान जिन्होंने किसी नाम से अपनी गायों को बुलाया है, उन लोगों ने ऐसा ना करने वालों की तुलना में 258 लीटर अधिक दूध उपज दर्ज किया है।
- क्या आप जानते हैं? अधिकांश गायों ने संगीत को सुनने के दौरान अधिक दूध दिया है।
- पूर्वी एशिया में, मंगोलिया में दूध का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था, लेकिन चीन में दूध की खपत अलग-अलग शैली में परिवर्तित होती रहती थी। दक्षिण कोरिया से आयातित गायों से जापानी डेयरी उत्पादों का उपभोग किया गया था!
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की दूध की बाल्टी में एक मेंढक डालने से दूध को खारा होने से बचाने का एक प्राचीन रूसी तरीका था। इस पद्धति का अध्ययन करके, वैज्ञानिकों ने नए एंटीबायोटिक पदार्थों के धन की पहचान की है।
- क्या आप जानते हैं? याक का दूध गुलाबी होता है!
- दूध ही एकमात्र पूर्ण खाना है जिससे आप पूरी तरह से जीवित रह सकते हैं, जिससे आपके शरीर के हर पोषक तत्व को जीवित रहने की आवश्यकता होती है!

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

26 08 2024

# आज के जन्मदिन


अतुल गर्ग
लोकसभा सांसद

सेलेब्रिटी जन्मदिन



नीरू बाजवा
अभिनेत्री


यशवर्धन बिष्ट | अर्शी | रश्मि चौधरी | नीलम गर्ग | गीतिका त्यागी | कंचन


संजय मित्तल | कुंवरपाल वर्मा | अजीत सिंह | प्रतीक शर्मा | प्रियांक गुर्जर | उत्कर्ष पंडित


आदित्य गुप्ता | सुमित गुर्जर | सोमिल अग्रवाल | शिवम शुक्ला | विक्रांत मलिक | अर्पण खुराना



सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email: currentcrimenews@gmail.com

# 23 साल में पहली बार बांग्लादेश से टेस्ट में हारा पाकिस्तान, मसूद की टीम को 10 विकेट से रौंदा

**रावलपिंडी।** बांग्लादेश ने रावलपिंडी में खेले गए दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 10 विकेट से हरा दिया है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने पहली पारी में छह विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जवाब में बांग्लादेश ने 565 रन बनाए और 117 रन की बढ़त हासिल की। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में पाकिस्तान को 146 रन पर समेट दिया। 30 रन के लक्ष्य को बांग्लादेश ने 10 विकेट रहते हासिल कर लिया। मुशफिकुर रहीम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दोनों टीमों के बीच दूसरा और आखिरी टेस्ट 30 अगस्त से रावलपिंडी में ही खेला जाएगा।



### पाकिस्तान-बांग्लादेश की पहली पारी

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने पहली पारी में छह विकेट पर 448 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 171 रन बनाए थे। वहीं, सऊद शकील ने 141 रन की पारी खेली थी। सैम अयूब ने 56 रन बनाए थे। बाबर आजम खाता नहीं खोल सके थे, जबकि कप्तान मसूद ने छह रन बनाए थे। बांग्लादेश की ओर से शोरिफुल इस्लाम और हसन महमूद ने दो-दो विकेट लिए थे। इस पारी के बाद लगा नहीं था कि पाकिस्तान की टीम यह टेस्ट हार जाएगी। बांग्लादेश ने भी पाकिस्तान का जोरदार जवाब दिया। उन्होंने अपनी पहली पारी में 565 रन बनाए। शदमाम इस्लाम ने 93 रन बनाए। वहीं, मुशफिकुर रहीम ने 191 रन की बेहतरीन पारी खेली। मोमिनुल हक ने 50 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास ने 56 रन और मेहदी हसन मिराज ने 77 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह ने तीन विकेट लिए। शाहीन अफरीदी, खुर्रम शहजाद और मोहम्मद अली ने दो-दो विकेट लिए।

### पाकिस्तान-बांग्लादेश की दूसरी पारी

पाकिस्तान की दूसरी पारी 146 रन पर ढह गई। मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन की घातक गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान के बल्लेबाज टिक नहीं सके। अब्दुल्ला शफीक ने 37 रन, बाबर आजम ने 22 रन और कप्तान शआन मसूद ने 14 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने एक बार फिर जमने की कोशिश की और 51 रन की पारी खेली। हालांकि, यह पाकिस्तान को बचाने के लिए काफी नहीं था। मिराज ने चार और शाकिब ने तीन विकेट लिए। शोरिफुल, हसन और नाहिद को एक-एक विकेट मिला। 30 रन के लक्ष्य को जाकिर हसन और शदमाम इस्लाम की जोड़ी ने बिना विकेट गंवाए हासिल कर लिया। जाकिर 15 रन और शदमाम नौ रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम इस मैच में बिना स्पिनर के मैदान पर उतरी थी। इसी का नुकसान टीम को उठाना पड़ा। जहां बांग्लादेश के स्पिनर्स ने दूसरी पारी में कहर बरपाया, वहीं पाकिस्तान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

### बांग्लादेश की टीम ने इतिहास रचा

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच सबसे पहला टेस्ट 29 अगस्त 2001 से खेला गया था। करीब 23 साल में यह पहली बार है जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान को टेस्ट में हराया है। इस बीच दोनों देशों के बीच 14 टेस्ट खेले गए हैं और 12 टेस्ट पाकिस्तान ने जीते हैं। एक बांग्लादेश ने जीता है और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। वहीं, पाकिस्तान की यह अपने घर में एक और शर्मनाक हार है। टीम चार मार्च 2022 के बाद अपने घर में नौ टेस्ट खेल चुकी है और पांच मुकाबले हार चुकी है। चार टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

### पाकिस्तान का अपने घर में खराब रिकॉर्ड

टीम ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट ड्रॉ कराए हैं, जबकि एक में हारी है। वहीं, इंग्लैंड ने पाकिस्तान को उसके घर में तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-0 से हराया था। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान की दो टेस्ट मैचों की सीरीज ड्रॉ रही थी। अब अपने घर में पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। यह बांग्लादेश में अस्थिरता के बाद उनकी क्रिकेट टीम का पहला विदेशी दौरा था और उसी में टीम ने इतिहास रच दिया है। नजमुल शांती की अगुआई में गजब का प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से जीत हासिल कर अपने देश के लोगों को खुशी दी है। बांग्लादेश की टीम ने अपने घर से बाहर सिर्फ सातवां टेस्ट जीता है।

# फातिमा सना 2024 महिला टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की कप्तान नियुक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 22 वर्षीय तेज गेंदबाज फातिमा सना को संयुक्त अरब अमीरात में इस अक्टूबर में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए राष्ट्रीय महिला टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। फातिमा ने अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार से नेतृत्व की भूमिका संभाली है, जो पाकिस्तान के टी20 कप्तान के रूप में पहली बार और आईसीसी इवेंट में कप्तान के रूप में उनकी पहली पारी है। फातिमा ने अतीत में नेतृत्व क्षमता दिखाई है, इससे पहले उन्होंने दो एकदिवसीय मैचों में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था, जिसमें हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक सुपर ओवर की जीत भी शामिल थी, जबकि वह डार के स्थान पर कप्तान थीं। यह अनुभव अमूल्य साबित होगा क्योंकि वह महिला क्रिकेट के सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक के लिए कप्तानी की भूमिका में कदम रखेंगी।



टी20 विश्व कप के लिए टीम में उस टीम से काफी हद तक कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसने हाल ही में श्रीलंका में महिला टी20 एशिया कप में भाग लिया था। एकमात्र बदलाव में विकेटकीपर-बल्लेबाज नजीहा अल्वी की जगह बल्लेबाज सदफ शमास को शामिल किया गया है, जिन्होंने 2023 महिला टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था। 2023 विश्व कप अभियान के दस खिलाड़ियों ने अपना स्थान बरकरार रखा है, जिनमें आलिया रियाज, मुनीबा अली, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल और तुबा हसन जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल को टीम में शामिल किया जाना उनके फिटनेस टेस्ट पास करने पर निर्भर है, जबकि बाएं हाथ की अनकैप्ड तेज गेंदबाज तस्मिया रुबाब को भी चुना गया है। अल्वी, मुख्य टीम में बदले जाने के बावजूद, रिजर्व विकेटकीपर के रूप में टीम के साथ यात्रा करेंगी।

# मार्क वुड श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड के बाकी टेस्ट मैचों से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड दाएं जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण श्रीलंका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उनकी जगह तेज गेंदबाज जोश हल को टीम में शामिल किया।

श्रीलंका के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट के लिए लेस्टरशायर के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल को इंग्लैंड के टेस्ट दल में शामिल किया गया है।

ओल्ड ट्रैफर्ड में पहले टेस्ट के तीसरे दिन, श्रीलंका की दूसरी पारी में अपने 11वें ओवर में दो गेंदें फेंकने के तुरंत बाद मार्क वुड मैदान से बाहर चले गए। 56वें ओवर की शेष गेंदें जो रूट ने फेंकी, जो अपनी पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन से मिलन रत्नायके का विकेट लेने में सफल रहे।





6 फीट 7 इंच लंबे हल लेस्टरशायर के गेंदबाजी आक्रमण में एक महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं और उन्होंने 2023 वन-डे कप की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लंबी कद-काठी के 20 वर्षीय हल ने प्रथम श्रेणी में 62.75 की औसत से 16 विकेट लिए हैं।

इस महीने की शुरूआत में, उन्होंने दौरे पर आई श्रीलंकाई टीम के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के लिए डेब्यू किया और टीम की जीत में अपनी छाप छोड़ी।

ईसीबी ने बताया कि इंग्लैंड की टीम लॉर्ड्स में दूसरे टेस्ट से पहले सोमवार रात लंदन पहुंचेगी, जहां ओली पोप की अगुवाई वाली टीम तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ प्रवेश करेगी।

# तजिंदरपाल सिंह तूर : 25 अगस्त के दिन जकार्ता में 'गोल्डन थ्रो' ने बनाया था नया एशियन रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** शॉट पुट एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि भारतीय एथलेटिक्स में एक चमकते सितारे हैं। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने न केवल शॉट पुट के खेल में अपना लोहा मनवाया, बल्कि अपनी मेहनत, संकल्प, जुनून और इच्छाशक्ति से दुनिया भर में अपनी पहचान बनाई। पंजाब के मैदानों से ओलंपिक तक का सफर करने वाले तूर ने 25 अगस्त के दिन जकार्ता एशियाई खेलों में एक नया रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल हासिल किया था। 25 अगस्त, 2018 को तजिंदरपाल सिंह तूर ने 20.75 मीटर की थ्रो के साथ न केवल गोल्ड मेडल जीता, बल्कि एक नया राष्ट्रीय और एशियाई खेलों का रिकॉर्ड भी बनाया था। पहले यह रिकॉर्ड ओम प्रकाश करहाना के नाम था जो 20.69 मीटर थ्रो के साथ नेशनल रिकॉर्ड होल्डर थे। इस रिकॉर्ड को तजिंदर पाल सिंह तूर ने अपनी पांचवीं कोशिश में ही तोड़ दिया था। तजिंदरपाल ने इससे पहले अपनी पहली कोशिश में 19.96 मीटर का थ्रो करके गेम में बढ़त बना ली थी। इससे पहले, तजिंदर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20.40 मीटर का था, जो उन्होंने 2017 में पटियाला में फेडरेशन कप में हासिल किया था। जकार्ता के एशियाई खेलों में तजिंदरपाल इतनी शानदार फॉर्म में थे कि उन्होंने अपनी छठी और आखिरी कोशिश में भी 20 मीटर का थ्रो किया था। यह भारतीय एथलेटिक्स में एक शानदार पल था। तजिंदरपाल के कोच मोहिंदर सिंह ढिल्लों इस शानदार प्रदर्शन के बाद उनके साथ खुशी मनाने लगे थे।



तजिंदरपाल के गोल्ड के साथ भारत को एशियाई खेलों में नौवां स्वर्ण पदक मिला, जो इस खेल में भारत का सबसे सफल प्रदर्शन था। इस जीत के साथ ही तजिंदरपाल ने अपने पिता के सपने को साकार किया था। लेकिन, इस खुशी के बीच एक दुखद खबर ने उनके दिल को झकझोर दिया था। तजिंदरपाल अपने गोल्ड मेडल के साथ जैसा ही जकार्ता से दिल्ली वापस लौटे तो उनको पता चला कि उनके पिता का कैंसर से निधन हो गया। पिता अपने बेटे का गोल्ड मेडल तक नहीं देख पाए थे। लेकिन तजिंदरपाल ने इसे अपनी प्रेरणा बनाकर ओलंपिक में भाग लेने का निर्णय लिया था। तजिंदरपाल का एशियन गेम्स रिकॉर्ड जून 2024 तक कायम रहा। हालांकि तूर के लिए उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियां यही नहीं रुकी। साल 2021 में उन्होंने चौथे इंडियन ग्रां प्री में 21.49 मीटर की थ्रो के साथ न केवल राष्ट्रीय, बल्कि एशियाई रिकॉर्ड भी तोड़ दिया था। इस प्रदर्शन ने उन्हें टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कराया। हालांकि, ओलंपिक में वह अपनी कलाई की चोट के कारण फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। यह उनका पहला ओलंपिक था। बाद में 2022 में भी चोट के कारण वह विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप से हटने पर मजबूर हुए थे। लेकिन 2023 में उन्होंने फिर मजबूत वापसी की। उन्होंने कजाकिस्तान में एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, थाईलैंड में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप, और चीन में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर सभी को अपनी क्षमता का अहसास कराया। पंजाब के इस एथलीट ने बाद में भुवनेश्वर में नेशनल चैंपियन में 21.77 मीटर का थ्रो करके अपने रिकॉर्ड को और सुधारा था।

# शादी के सवाल से शरमाई मनु भाकर, झज्जर पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**झज्जर।** मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। इसके बाद से वो लगातार सुर्खियों में हैं, और स्वदेश लौटने के बाद हर कोई उनकी तारीफ में कसीदे पढ़ रहा है। साथ ही वो कई इवेंट में हिस्सा ले रही हैं, जहां उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है। इस बीच उनके गृहनगर झज्जर से भी कुछ ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं। 22 वर्षीय मनु भाकर रविवार को अपने होमटाउन झज्जर पहुंचीं। इस दौरान जिला आयुक्त ने उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया। मनु ने गौशाला में कामधेनु गाय की परिवार सहित पूजा अर्चना की। साथ ही उन्हें सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि वो अगली बार गोल्ड जीतने के लिए और कड़ी मेहनत करेंगी। मनु ने कहा,





₹पेरिस ओलंपिक में दो मेडल जीतकर बहुत अच्छा लगा। उम्मीद तीसरे की भी थी लेकिन थोड़ी कसक रह गई। मैं आगे भी पूरी कोशिश करूंगी और गोल्ड भी टारगेट में रहे। शुरूआती दिनों में काफी मुश्किलें हुईं लेकिन परिवार और मेरी टीम ने हमेशा पूरा सपोर्ट किया। मैं सभी का धन्यवाद देना चाहूंगी। सरकार भी खिलाड़ियों की मदद करने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही है। पत्रकारों के शादी के सवालों पर मनु भाकर ने शमार्ते हुए कहा, ₹अभी मेरा फोकस सिर्फ खेल पर है। भविष्य में इसके बारे में सोचेंगे। फिलहाल तीन महीने का खेल से ब्रेक है। झज्जर जिला आयुक्त कैप्टन शक्ति सिंह भी इस मौके पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश की बेटी ने विदेश में हमारा मान बढ़ाया है। जिले झज्जर के लिए यह विशेष मौका है क्योंकि देश के पेरिस में कुल छह मेडल में तीन मेडल यहां के खिलाड़ियों ने जीते। अमन सहरावत ने भी मेडल जीतकर हमारा मान बढ़ाया है। पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। इसके अलावा, वह स्वतंत्रता के बाद खेलों के एक ही संस्करण में कई पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनीं। साथ ही सरबजोत सिंह के साथ मिलकर शूटिंग में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय शूटिंग जोड़ी बनीं। कुल मिलाकर, यह निशानेबाजी में भारत का छठा ओलंपिक पदक था। पहलवान अमन सहरावत 57 किग्रा पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक हासिल करने के बाद 21 साल, 0 महीने और 24 दिन की उम्र में भारत के सबसे कम उम्र के व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता बन गए। उन्होंने शटलर पीवी सिंधु के रिकॉर्ड को बेहतर किया, जो रियो ओलंपिक 2016 में रजत पदक जीतने पर 21 साल 1 महीने और 14 दिन की थीं।

# शिखर धवन के संन्यास पर रोहित शर्मा ने कहा, 'आपने हमेशा दूसरे छोर से मेरा काम आसान किया'

**नई दिल्ली।** दिग्गज भारतीय ओपनर शिखर धवन ने शनिवार को इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 38 साल का खब्बू बल्लेबाज फैंस के बीच 'गब्बर' के नाम से मशहूर हैं। टीम इंडिया के वनडे और टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा के साथ धवन का रिश्ता बेहद खास रहा है। दोनों ने लंबे समय तक बतौर ओपनिंग जोड़ी एक दूसरे का साथ दिया है। शिखर धवन ने 12 साल तक खेल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग साझेदारियों में से एक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा बनाई। धवन के संन्यास की घोषणा के बाद, रोहित ने खेल और देश के प्रति उनकी सेवाओं के लिए 'द अल्टीमेट जट्ट' को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा ने धवन के लिए पोस्ट में लिखा, ₹कमरे साझा करने से लेकर मैदान





पर जीवन भर की यादें साझा करने तक। आपने हमेशा दूसरे छोर से मेरा काम आसान किया। बेहतरीन जाट। हिटमैन और गब्बर ने 117 मौकों पर एक साथ बल्लेबाजी की और 5193 रन बनाए, जिसमें 18 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी 2018 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 210 रन की साझेदारी थी। 117 पारियों में उन्होंने 45.15 की औसत से साझेदारी बनाए रखी। रोहित और धवन के नाम भारतीय क्रिकेट के इतिहास में तीसरी सबसे सफल बल्लेबाजी साझेदारी हैं। उनसे पहले, सचिन तेंदुलकर-सौरव गांगुली और रोहित शर्मा-विराट कोहली के नाम ये रिकॉर्ड दर्ज हैं। धवन-रोहित की जोड़ी ने सबसे सफल साझेदारियों की सूची में आठवें स्थान पर भी अपनी जगह बनाई। धवन के 13 साल के लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर में, जिसमें उन्होंने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 मैच खेले, तीनों प्रारूपों में क्रमशः 2315, 6793 और 1579 रन बनाए। अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के साथ-साथ, धवन ने आईपीएल में दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई और पंजाब का प्रतिनिधित्व किया, जहां उन्होंने 222 मैच खेले और 6769 रन बनाए, जिसमें दो शतक और 51 अर्धशतक शामिल हैं। भारत के लिए धवन की आखिरी उपस्थिति दिसंबर 2022 में चटगांव में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे मैच में थी, जबकि उनका आखिरी टी20 जुलाई 2021 में श्रीलंका में था। उन्होंने 2018 के बाद से भारत के लिए कोई टेस्ट नहीं खेला है।

# पेरिस पैरालंपिक के लिए भारत का सबसे बड़ा दल रवाना

**नई दिल्ली।** पैरालंपिक खेलों में भाग लेने के लिए 84 सदस्यों का भारतीय दल रविवार को पेरिस के लिए रवाना हुआ। बैडमिंटन, एथलेटिक्स, साइक्लिंग और अन्य कई खेलों के एथलीटों से बनी यह शानदार टीम वैश्विक मंच पर भारत का नाम रोशन करने के लिए तैयार है। टोक्यो पैरालंपिक 2020 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद, जहां उन्होंने 19 पदक हासिल किए, भारतीय टीम पहले से कहीं ज्यादा बेहतर नजर आ रही है। उम्मीदें बहुत ज्यादा हैं क्योंकि टीम का लक्ष्य पेरिस में 25 पदकों का आंकड़ा पार करना है। कई महीनों के प्रशिक्षण के साथ, एथलीट नई ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए तैयार और पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख अधिकारी भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। पीसीआई के अध्यक्ष



देवेंद्र झाझरिया, पीसीआई सचिव जयवंत, चीफ डी मिशन सत्य प्रकाश सांगवान सहित अन्य प्रमुख सदस्य आज खिलाड़ियों के साथ नई दिल्ली से पेरिस रवाना हुए। पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से शुरू होकर 8 सितंबर तक चलेगा। देश पैरा एथलीटों के शानदार प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, ₹जब हम पेरिस पैरालंपिक की इस यात्रा पर निकल रहे हैं, तो मुझे अपने एथलीटों पर बहुत गर्व है। उनका समर्पण, दृढ़ता और जोश वाकई प्रेरणादायक है। यह हमारा अब तक का सबसे बड़ा दल है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे उम्मीदों से बढ़कर 25 से अधिक पदक जीतेंगे। पूरा देश उनके पीछे खड़ा है और मुझे पूरा विश्वास है कि वे वैश्विक मंच पर भारत को गौरवान्वित करेंगे।

# जानिक सिनर के प्रतिबंध से बचने के बाद जोकोविच ने डोपिंग पर 'स्पष्ट प्रोटोकॉल' की मांग की

**न्यूयॉर्क।** जैसे-जैसे यूएस ओपन नजदीक आ रहा है, पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नोवाक जोकोविच ने जानिक सिनर से जुड़े डोपिंग विवाद के बाद स्पष्ट प्रोटोकॉल और मानकीकृत दृष्टिकोण का आह्वान किया है। इस साल की शुरूआत में प्रतिबंधित पदार्थ के लिए दो बार सकारात्मक परीक्षण करने वाले सिनर के प्रतिबंध से बच जाने के बाद जोकोविच ने अपनी चिंता व्यक्त की, जिससे टेनिस समुदाय में कई लोगों ने प्रणाली की निष्पक्षता पर सवाल उठाया है। यूएस ओपन से पहले बोलते हुए जोकोविच ने इन निराशाओं को दोहराया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा, मैं निरंतरता की कमी के कारण खिलाड़ियों की निराशा को समझता हूं। घोषणा के लगभग तुरंत बाद ही उनके मामले को मंजूरी दे दी गई थी, लेकिन



सकारात्मक परीक्षणों की खबर उन तक और उनकी टीम तक पहुंचने में पांच या छह महीने बीत चुके थे। मार्च में सिनर को क्लोस्टेबोल के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया, जो एक स्टेरॉयड है जो मांसपेशियों के निर्माण के गुणों के लिए जाना जाता है। इटालियन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था लेकिन सफलतापूर्वक अपील करने के बाद भी उसने खेलना जारी रखा। पिछले हफ्ते, इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) द्वारा निर्धारित किए जाने के बाद कि यह पदार्थ अनजाने में उनके फिजियोथेरेपिस्ट, जियाकोमो नाल्डी द्वारा प्रसारित किया गया था, एक ट्रिब्यूनल ने उन्हें किसी भी गलती या लापरवाही से बरी कर दिया था। नाल्डी, जो अपने हाथ के कट पर ओवर-द-काउंटर स्प्रे का उपयोग कर रहा था, ने बाद में सिनर का इलाज किया, जिससे अनजाने में खिलाड़ी दूषित हो गया। फैसले के बाद, सिनर ने नाल्डी और फिटनेस ट्रेनर अम्बर्टो फेरारा दोनों के साथ अपने पेशेवर संबंध समाप्त कर दिए। हालाँकि, अब यूएस ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर की त्वरित मंजूरी ने पूरे टेनिस जगत में प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। निक किर्गियोस, लियाम ब्रॉडी और डेनिस शापोवालोव सहित प्रमुख खिलाड़ियों ने अपना असंतोष व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, और सुझाव दिया कि सिनर को उनकी उच्च प्रोफाइल के कारण विशेष उपचार मिला होगा। 37 साल के खेल के अनुभवी जोकोविच ने टेनिस में डोपिंग मामलों से निपटने के तरीके में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। सिस्टम में बहुत सारे मुद्दे हैं। हम मानकीकृत और स्पष्ट प्रोटोकॉल की कमी देखते हैं। मैं बहुत से खिलाड़ियों की भावनाओं को समझ सकता हूं जो सवाल कर रहे हैं कि क्या उनके साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाता है, उन्होंने आगे कहा, उम्मीद है, हमारे खेल के शासी निकाय इस मामले से सीख सकते हैं और भविष्य में बेहतर दृष्टिकोण अपना सकते हैं। जोकोविच और अन्य द्वारा उठाई गई केंद्रीय चिंताओं में से एक यह है कि किसी खिलाड़ी के संसाधनों के आधार पर डोपिंग मामलों को कैसे संभाला जाता है, इसमें संभावित असमानता है। जोकोविच ने सोचा, सवाल यह है कि क्या यह धन का मामला है। क्या कोई खिलाड़ी किसी कानूनी फर्म के लिए एक महत्वपूर्ण राशि का भुगतान कर सकता है जो उनके मामले का अधिक कुशलता से प्रतिनिधित्व कर सकती है? यह कुछ ऐसा है जिसकी हमें सामूहिक रूप से जांच करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रैंकिंग या स्थिति की परवाह किए बिना हर खिलाड़ी को समान उपचार मिले।

# नम आंखों से दी गई स्वर्गीय सरोज शर्मा को श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज पंडित की माता सरोज शर्मा का 18 अगस्त को निधन हो गया था। रविवार को गुलधर के परिवर्तन फार्म हाऊस में उनकी अरिष्ट शोकसभा आयोजित हुई। इस शोक सभा में समाज के सभी वर्गों के गणमान्य नागरिकों और सभी दलों के नेताओं ने पहुंच कर स्वर्गीय सरोज शर्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित की। उनके निधन पर शोक व्यक्त कियार। शोकाकुल परिवार में स्वर्गीय सरोज शर्मा के पुत्र हरिश शर्मा, भूषण पंडित, आदर्श शर्मा, आदित्य शर्मा, आर्यन शर्मा, किट्टू शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर चाचा के साथ मिलकर किया पिता की हत्या का प्रयास




**हापुड़, करंट क्राइम।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव मतनौरा में जमीनी विवाद को लेकर कलयुगी बेटों और उनके चाचा ने एक व्यक्ति की हत्या का प्रयास किया। घर के पास से गुजर रहे व्यक्ति को जब चीखने-चिल्लाने की आवाज आई तो उसने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव मतनौरा के सुरेंद्र पाल सिंह ने बाबूगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया गया सुबह करीब 4 बजे वह दूध की डेरी पर दूध देने जा रहा था। इसकी बीच जैसे ही वह जतन सिंह के साथ घर के सामने पहुंचा तो उसे मकान से तेज चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। घर के अंदर जाकर देखा तो जतन सिंह के बेटे प्रताप, ईश्वर और उनका चाचा रतनवीर मिलकर पीट रहे थे। आरोपियों के हाथों में लोहे की रॉड की तरह कुछ वस्तु भी थी और जान से मारने के उद्देश्य से जमकर पीट रहे थे। आरोपियों को उसने रोकने का इशारा किया तो उसके साथ गाली गलौज की गई। पीड़िता का शोर सुनकर गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गए।

इस घटना की सूचना मिलने पर थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच कर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। उनका कहना है कि प्रारंभिक जांच में जमीनी विवाद सामने आया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## युवक को पीट-पीट कर किया था घायल, इलाज के दौरान तोड़ा दम



**हापुड़, करंट क्राइम।** काम के रुपए मांगने पर एक युवक को पीट-पीट कर 5 लोगों ने घायल कर दिया। जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया था, देर रात दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन में कोहराम मच गया। रविवार को लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव कर गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। सिंभावली थाना क्षेत्र के हरोड़ा मोड़ का रहने वाला आरिफ कारपेंटर का काम करता है। शुक्रवार की रात वह अपने परिजन के साथ सिंभावली के एक शोरूम में कामकाज कर रहा था। इसी बीच आरिफ ने वहां से गुजर रहे एक युवक से अपने रुपए मांगे, आरोप है कि इसी बीच एक युवक ने साथियों के साथ मिलकर आरिफ को घेर कर लाठी-डंडे बलकटी और ईंटों से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का गंभीर हालत में दिल्ली के एक अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहां शनिवार की देर रात को उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में गुस्साए लोग सिंभावली थाने पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगा किया।

## विद्युत विभाग ने नगर में जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया तेज

### सभासद नितिन कुमार का विशेष योगदान

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** जब कुछ करने का जज्बा दिल में हो तो व्यक्ति पूरी लगन से कार्य करने में जुट जाता है और उसका नतीजा भी सभी के सामने होता है। नगर पालिका के सबसे कम उम्र के सभासद नितिन कुमार अपने वार्ड के साथ-साथ नगर के विकास कार्यों में भी पूरी रुचि ले रहे हैं। नगर में विकास कार्य तेजी से होते नजर आ रहे हैं, जिन कार्यों में नितिन सभासद की अहम भूमिका चल रही हैं। नितिन निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा में लगे हैं, हाल ही में देखा गया है विद्युत विभाग की टीम के साथ मिलकर नगर में जर्जर तारों को बदलने का कार्य करवा रहे हैं, जहां तार एवं खंभे नहीं हैं स्थापित करा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में नितिन कुमार सभासद के प्रति उत्साह एवं प्रेम भाव नजर आ रहा है। भविष्य को देखते हुए लगता है राजनीति मे लंबी रेस के घोड़े बनेंगे।

वहीं नितिन कुमार का कहना है कि जब जनता ने उन्हें सभासद बनाया और बिजली विभाग में कार्यरत होने के चलते दोनों ही सेवा करने का सौभाग्य उन्हें मिला तो वह भी जी-जान से अपने कार्यों में जुटे रहेंगे और जनता की सेवा करते रहेंगे।



## विभिन्न मामलों में पुलिस ने नौ लोगों को किया गिरफ्तार

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में रावली सुराना मार्ग पर टशनबाजी को लेकर छात्र को पंच मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न मामलों में भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव नेकपुर निवासी मोईन नगर स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा ग्यारह का छात्र है। शनिवार को छुट्टी के बाद छात्र मोईन का साथ पढ़ने वाले कार्तिक यादव से विवाद हो गया था। विवाद के बाद मोईन को पंच मारकर घायल कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने इस मामले में सौरभ,विवेक व निखिल ,कार्तिक निवासी गांव सुराना को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। इसके अलावा गोपालपुरम कॉलोनी में मारपीट करने के मामले में पुलिस ने हनी सिंह को गिरफ्तार किया है। राहगीरों के साथ मारपीट कर रहे मोनू निवासी गांव मोरटा व सलीम व आकिल निवासी मुरादनगर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। गांव डिड़ौली में सलमान व ब्रजविहार कॉलेनी निवासी रविन्द्र के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

## सड़क हादसे में दो घायल, एक की उपचार के दौरान मौत




**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास ट्रक का पहिया बदल रहे दो लोगों को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है। गाजियाबाद के थाना वेबसिटी निवासी राजकुमार ट्रक लेकर गाजियाबाद से बागपत की और जा रहे थे। जब वह ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास पहुंचे तो अचानक ट्रक के पहिए में खराबी आ गई। जिस कारण राजकुमार ने ट्रक को साइड में खड़ा कर दिया और पहिया बदलने लगा। इसी बीच एक अन्य ट्रक चालक धर्म निवासी लालकुआं छपरौला गाजियाबाद ने भी अपना ट्रक रोक लिया और राजकुमार की मदद करने लगा। इसी बीच मुरादनगर की और से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने दोनों चालकों को कुचल दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर राजकुमार को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि धर्म की हालात गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी है।




## क्या देहात जोन में होगी आईपीएस की पोस्टिंग

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में फिर एक बार आईपीएस अधिकारी की पोस्टिंग की चर्चा शुरू हो गई है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के किस जोन में महिला आईपीएस अधिकारी का नाम लिखा जाएगा। दरअसल शनिवार की रात आईपीएस अधिकारियों की एक तबादला लिस्ट जारी हुई थी। इस लिस्ट में गाजियाबाद में एक महिला आईपीएस ट्रेनिंग अधिकारी गाजियाबाद भेजी गई हैं। सुनने में आ रहा है कि महिला अधिकारी पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश के एक जिले में कार्यरत थी। वहां से उनको पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भेजा गया है। उनके यहां तबादले के आदेश की सूचना के बाद चर्चा सुनाई दे रही है कि उनको गाजियाबाद कमिश्नरेट जोन में देहात की ओर भेजा जाएगा। दरअसल यहां पर एक एसीपी स्तर के अधिकारी का प्रमोशन होने के बाद स्थान बन रहा है। बताया जा रहा है कि यहां महिला अधिकारी को एएसपी के पद पर पोस्टिंग मिल सकती है। दरअसल देहात वाले जोन का यह सर्किल हमेशा से आईपीएस अधिकारियों की तैनाती का अड्डा माना जाता रहा है। पुलिस के सूत्रों ने जानकारी दी है कि वर्तमान में कई ऐसे डीआईजी और आईजी के साथ ही एडीजी स्तर के अधिकारी हैं, जिनके नाम इस सर्किल व थानों पर लिखे गए हैं। उन्होंने क्षेत्राअधिकारी कार्यालय में भी काम किया है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आने वाली महिला अधिकारी को कहां और क्या तैनाती दी जाती है। देखना होगा कि वह किस जोन की जिम्मेदारी संभाल लेंगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले विश्वसनीय सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि महिला आईपीएस अधिकारी को संभवतः देहात का जोन ही आवंटित किया जाएगा। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार महिला अधिकारियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जा रही है। कुल मिलाकर शनिवार की देर रात आई तबादला लिस्ट के बाद फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की एसीपी स्तर की आने वाली लिस्ट को लेकर ट्वीट की जानकारियां मिलना शुरू हो गई हैं। वहीं सूत्रों ने यह भी जानकारी है कि आने वाले दिनों में जो एसीपी स्तर की लिस्ट आएगी उसमें भी कई फीमेल अधिकारियों को बेहतर चार्ज दिए जाने के संकेत मिल रहे हैं। अब देखना होगा कि एसीपी स्तर वाली लिस्ट कब जारी होती है।




## अखंड भारत संकल्प समिति ने लोनी में निकाली भव्य अखंड भारत संकल्प यात्रा

**लोनी, करंट क्राइम।** अखंड भारत संकल्प यात्रा लोनी के टीला गांव से प्रारम्भ होकर लोनी तिराहे पर स्थित दुर्गा मंदिर पर पूजा कर हनुमान मंदिर पर पहुंच कर पूजा अर्चना की तथा कार्यक्रम में पहुंचे सैकड़ो कार्यकताओं ने हाथों में तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर भारत माता की जय और वन्देमातरम के नारे लगाएं। संकल्प यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। कार्यकताओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से दोनों सर्किल के एसीपी के साथ साथ



चारों थानों का पुलिस बल भी यात्रा में तत्पर रहते हुए यात्रा को संपन्न कराया। सुरक्षा व्यवस्था की कमान स्वयं डीसीपी ग्रामीण लोनी में ही मौजूद रहकर सभाल रखी थी।

अखंड भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक नितिन शर्मा ने बताया कि देश की अखंडता और प्रभुता के संकल्प के लिए युवाओं के साथ साथ समाज के हर वर्ग को जागरूक करने के उद्देश्य से यात्रा का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम अखंड भारत संकल्प समितिके प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। यात्रा में प्रमुख भूमिका में नितिन विकास मावी विकास भाटी आशीष शर्मा सुमित गुर्जर भोला गुर्जर विक्रम गुर्जर दर्शन प्रधान सुमित मावी प्रदीप शर्मा सुमित शर्मा नगर संयोजक ,दीपक नैन ,कपिल शर्मा ,अंकित भारद्वाज ,संतोष मिश्रा , पवन गोस्वामी ,राहुल ठाकुर,संदीप प्रजापति ,मोहित धामा, संदीप गोस्वामी , विपिन कुमार , युगांतर कौशिक सूरज गोस्वामीमोनू बैसला मोहित बैसला अमनदीप बैसला ललित बैसला अनिल जोशी जी नरेश शर्मा सतीश गुर्जर जी जीते बंसल मोहित बंसल बाबा गुर्जर जी नवीन बैसला विवेक करण कृष्णा मोहन कोरी कमल शर्मा सुभाष त्यागी मौजूद रहे।

## हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में हिन्दू देवी देवताओं के बारे में फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का मामला सामने आया है। हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। हिन्दू जागरण मंच के सौरभ कृष्ण शास्त्री, अनुभव शर्मा, यश शर्मा व प्रिंस शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता रविवार को एकत्र होकर थाने पहुंचे और तहरीर दी। उन्होंने बताया कि दूसरे समुदाय के युवक ने फेसबुक पर हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट कर रखी है। उनका कहना है कि यह किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा। हिन्दू



जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को तुरन्त गिरफ्तार करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोलंकी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पोस्ट करने वाले युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## टिनी टॉट्स द प्ले स्कूल ने धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** न्यू डिफेंस कॉलोनी स्थित 'टिनी टॉट्स द प्ले स्कूल' में शनिवार को प्राचार्या अनुराधा की अध्यक्षता में जन्माष्टमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। 'मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया' गाने पर बच्चों ने जो नृत्य किया वह कार्यक्रम की जान रहा। नन्हे- मुन्हे बच्चों ने केक काटने, सुंदर झांकी एवं मटकी फोड़ने इत्यादि कार्यक्रमों का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में परी, कपीश, नेहुल, किमाया, अवनि, इशांत, नक्षित, पारस, ताशी, खुशी, भार्गवी, कनिष्का, हार्दिक, दिशु, आख, बे भाग लिया। तुलसी, कनक, रेयांश, अनाया इत्यादि छात्र/छात्राओं ने कार्यक्रम को अनुपम बनाया। अनुराधा ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय को दर्शाता है।

## ससुरालियों पर लगा दहेज हत्या का आरोप

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकपुरा में रविवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी। बुलंदशहर जिले के आनंद विहार के तारीख ने अपनी 23 साल की बेटी नेहा की शादी 3 साल पहले मोहल्ला पिलखुवा के सद्दीकपुरा के रहने वाले तस्लीम से की थी। रविवार को तस्लीम ने मृतका के पिता तारीख को फोन पर बताया कि नेहा की मौत हो गई है, इसके बाद मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, वह तुरंत अपनी बेटी की ससुराल पहुंचे तो शव देखकर परिजनों में मातम छा गया।

# राजनाथ सिंह ने किया नौसैनिक वॉरफेयर फैसिलिटी सेंटर का दौरा, बोले- हम साथ काम करने के लिए तत्पर







**केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चार दिवसीय दौरे पर अमेरिका में हैं**

**वाशिंगटन।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चार दिवसीय दौरे पर अमेरिका में हैं। उन्होंने मैरीलैंड में अमेरिकी नौसैनिक वॉरफेयर फैसिलिटी सेंटर का दौरा किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका एक साथ काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी इसका जिक्र किया।

राजनाथ सिंह ने कहा, कार्डरॉक में नौसेना वॉरफेयर फैसिलिटी सेंटर का दौरा किया और उनके प्रयोगों को देखा। उन्होंने आगे कहा, भारत और अमेरिका एक साथ काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के लिए तत्पर हैं।

इससे पहले शनिवार को राजनाथ सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। राजनाथ सिंह ने बताया कि उन्होंने आपसी हित के प्रमुख रणनीतिक मामलों पर चर्चा की। जेक सुलिवन से मिलने के अलावा राजनाथ सिंह ने यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित रक्षा उद्योग सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ भी बातचीत की।

उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में मेक इन इंडिया कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए भारतीय भागीदारों के साथ काम करने के लिए आमंत्रित भी किया।

**राजनाथ सिंह ने की जेक सुलिवन और लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात**

राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग की मजबूती को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा रक्षा मंत्री ने मौजूदा रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा करने और उन्हें और गहरा करने पर भी सहमति जताई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन जागरूकता, एक क्वाड पहल के संचालन में हुई प्रगति और हिंद महासागर क्षेत्र में भागीदारों के लिए समुद्री डोमेन जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत द्वारा चल रहे प्रयासों की भी सराहना की।

### भारतीय प्रवासियों से भी मिले

बता दें कि अमेरिका पहुंचने के बाद राजनाथ सिंह ने वहां प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। उन्होंने बाताया कि सितंबर 2024 में आगामी क्वॠव्र सिलिकॉन वैली शिखर सम्मेलन में कई प्रमुख पहलों की घोषणा की जाएगी। दोनों मंत्रियों ने भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा आपूर्ति व्यवस्था (एसओएसए) के समापन पर प्रसन्नता व्यक्त की।



अमेरिकी कंपनियों को भारत आने का न्योता

## मिलकर मेक इन इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाएंगे : राजनाथ

**भारतीय और अमेरिकी कंपनियां दुनिया के लिए सह-उत्पादन करेंगी**

**वाशिंगटन।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मेक इन इंडिया मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी रक्षा कंपनियों से भारत में रक्षा क्षेत्र के साथ मिलकर काम करने का निमंत्रण दिया। राजनाथ ने यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के गोलमेज सम्मेलन में अमेरिकी कंपनियों के दिग्गजों से बात की। राजनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

राजनाथ ने पोस्ट में लिखा, साथ मिलकर, भारतीय और अमेरिकी कंपनियां दुनिया के लिए सह-विकास और सह-उत्पादन करेंगी। साझेदारी और संयुक्त प्रयास दो ऐसे शब्द हैं जो अन्य देशों के साथ भारत की रक्षा उद्योग साझेदारी को अलग करते हैं। राजनाथ ने कहा, भारत सरकार की ओर से किए गए प्रगतिशील सुधारों ने कई विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं (जिनमें अमेरिका के निमार्ता भी शामिल हैं) को भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने, संयुक्त उद्यम विकसित करने तथा भारत को अपना वैकल्पिक निर्यात आधार बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। भारत में जीई 414 एयरो-इंजन का नियोजित सह-उत्पादन भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा।

बैठक में बोइंग, जीई, जनरल अटॉमिक्स, जनरल डायनैमिक्स लैंड सिस्टम, एल3 हैरिस, लॉकहीड मार्टिन, रॉल्स रॉयस और थायरमेहेन जैसी दिग्गज अमेरिकी रक्षा एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों ने हिस्सा लिया। इनके अलावा आईडियाफोर्ज, टाटा संस और टीसेकंड जैसी कुछ भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद रहे।

बातचीत के दौरान, व्यापार जगत के नेताओं ने भारत के लिए अपनी चल रही परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं का संक्षेप में उल्लेख किया और बहुमूल्य प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत अमेरिकी निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग का स्वागत करता है। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के साथ बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने आपूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा (एसओएसए) के समापन पर प्रसन्नता व्यक्त की, जो दोनों देशों के रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्रों को एक साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाता है।

इससे पहले, राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को वाशिंगटन डीसी के पेंटागन में अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, औद्योगिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

## बांग्लादेश में पटरी पर लौट रही जिंदगी

### ढाका में प्रदर्शन के चलते थमी मेट्रो एक महीने बाद फिर दौड़ी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के शासन के खिलाफ शुरू हुई हिंसा अब भले ही थम गई है, लेकिन तनाव बना हुआ है। हालांकि, हालातों को धीरे-धीरे सामान्य करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। एक महीने से बंद पड़ी ढाका मेट्रो की सेवा को रविवार को फिर से शुरू कर दिया गया है।

यह स्टेशन अब भी रहेंगे बंद : आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, मीरपुर 10 और काजीपारा स्टेशन हालांकि बंद रहेंगे। ढाका मेट्रो की सेवा के बहाल होने से यात्रियों, विशेष रूप से छात्रों और कार्यालय जाने वालों ने राहत की सांस ली क्योंकि उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रोजाना यातायात भीड़ से गुजरना पड़ता था।



**सुबह सात बजे हुई मेट्रो सेवा बहाल :** बताया जा रहा है कि मेट्रो सेवा सुबह करीब सात बजे बहाल हुई। बता दें, जुलाई में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान मीरपुर-10 और काजीपारा स्टेशनों पर तोड़फोड़ की गई थी। ढाका मेट्रो की सेवाएं जुलाई के तीसरे सप्ताह में यात्रियों के लिए बंद कर दी गई थीं।

**तोड़फोड़ से बचाने के लिए बना रहे योजना :** सड़क परिवहन एवं संचार सलाहकार मुहम्मद फौजुल कबीर खान ने कहा, 'हम मेट्रो को सुरक्षा के साथ एक महत्वपूर्ण स्थल बनाने की योजना बना रहे हैं ताकि इसे किसी भी तरह की तोड़फोड़ से बचाया जा सके।' उन्होंने मेट्रो में अगरगांव स्टेशन से बांग्लादेश सचिवालय तक की यात्रा की।

**यात्रियों को मिली राहत :** ढाका हाईकोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने अपने कार्यालय जाने के लिए रविवार को मेट्रो का इस्तेमाल किया। मेट्रो शुरू होने से उनके जैसे दैनिक यात्रियों को एक बड़ी राहत मिली है। दो साल पहले शुरू की थी मेट्रो सेवा : बांग्लादेश ने 28 दिसंबर, 2022 को दुनिया के सबसे भीड़भाड़ वाले शहरों में से एक राजधानी ढाका में यात्रा को आसान बनाने के लिए जापानी सहायता से अपनी पहली मेट्रो रेल सेवा शुरू की थी। ढाका एमआरटी लाइन छह कहा जाता है।

यह शुरू में उत्तर उत्तर से अगरगांव तक 11.73 किलोमीटर तक संचालित होती थी, जिसमें नौ स्टेशन शामिल थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने परियोजना का उद्घाटन किया था।

## शेख हसीना के करीबियों पर लगातार हो रही सख्ती

### पूर्व कपड़ा और जूट मंत्री गाजी को किया गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के शासन के खिलाफ शुरू हुई हिंसा अब भले ही थम गई है, लेकिन तनाव बना हुआ है। वहीं, पूर्व पीएम के देश छोड़ने के बाद भी उनके करीबियों पर सख्ती जारी है। अंतरिम सरकार के अंतर्गत आवामी लीग के कई अधिकारियों और मंत्रियों पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। अब इस कड़ी में देश के पूर्व कपड़ा एवं जूट मंत्री गुलाम दस्तगीर गाजी का नाम भी जुड़ गया है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।



**शनिवार देर रात किया गिरफ्तार :** एक स्थानीय अखबार ने पलटन पुलिस थाने के प्रभारी मुल्ला मोहम्मद खालिद हुसैन के हवाले से बताया कि 76 वर्षीय नेता को शनिवार देर रात राजधानी ढाका के पियरगोली इलाके में एक घर से तड़के करीब तीन बजे हिरासत में लिया। फिर ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस गाजी को डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) कार्यालय में ले गई। उसके बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा, नीतियों को लेकर एक-दूसरे पर छींटाकशी

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जलवायु परिवर्तन बड़ा मुद्दा बन रहा है। चुनाव में दोनों पक्ष जलवायु नीतियों को लेकर एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं।



विभिन्न संस्कृति और जाति के युवा प्रदर्शनकारी जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। प्रदर्शन न्यूयॉर्क, वाशिंगटन डीसी समेत अमेरिका के प्रमुख राज्यों में देखे जा रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस चुनाव में कमला हैरिस का प्रचार कर रहे राष्ट्रपति जो बाइडन ने जलवायु परिवर्तन को अपने एजेंडे का आधार बनाया है। वहीं, राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अभी तक अपनी जलवायु योजना का खुलासा नहीं किया है। हालांकि अमेरिका के जलवायु कार्यकताओं की मांग है कि डेमोक्रेटिक प्रत्याशी बताएं कि उन्होंने पृथ्वी को बचाने के लिए अब तक के सबसे बड़े पर्यावरणीय खतरे से निपटने की क्या योजना बनाई है। यही कारण रहा कि पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के बाद हैरिस ने जलवायु परिवर्तन का खास जिक्र किया है लेकिन इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी है कि वे तेजी से बढ़ते तापमान को कैसे रोकेंगी।

**कर रहे धरती को बचाने की मांग :** रिपब्लिकन व डेमोक्रेट दोनों ही पक्षों के लोग हाथों में बैनर लेकर धरती को बचाने की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि जलवायु संबंधी सार्वभौमिक समस्या से दुनिया को उबारने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अमेरिका की ही है।

हालांकि, इस चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस ने जलवायु संबंधी बयानों पर एक तरह से चुप्पी साध रखी है, जबकि उपराष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान हैरिस को जलवायु चैंपियन के तमगे से नवाजा गया था। इसीलिए उनकी चुप्पी पर शिकायत ज्यादा है।

## 'रेड स्क्वायर का बीमार-बूढ़ा आदमी है पुतिन', जेलेंस्की ने उड़ाया मजाक

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का मजाक उड़ाया। जेलेंस्की ने पुतिन को 'रेडस्क्वायर का बीमार बूढ़ा आदमी' बताया। जेलेंस्की शनिवार को सोवियत संघ से यूक्रेन की आजादी के 33 साल पूरे होने पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने नव-विकसित यूक्रेनी 'ड्रोन मिसाइल' का प्रचार किया और कहा कि यह मिसाइल रूस को युद्ध से पीछे धकेल देगी।



जेलेंस्की ने कहा कि नया हथियार पलियानित्सिया, घरेलू रूप से निर्मित ड्रोन की तुलना में तेज और अधिक शक्तिशाली है, जिसका उपयोग कीव ने अब तक रूस के खिलाफ लड़ने, उसकी तेल रिफाइनरियों और सैन्य हवाई क्षेत्रों पर हमला करने के लिए किया है। उन्होंने कहा कि हमारा दुश्मन अब जानेगा कि जवाबी कार्रवाई का यूक्रेनी तरीका क्या है।

जेलेंस्की ने रूस के 71 वर्षीय राष्ट्रपति पुतिन और मॉस्को से आने वाली परमाणु बयानबाजी का वर्णन करने के लिए उपहासपूर्ण भाषा का इस्तेमाल किया। उन्होंने एक वीडियो में कहा, 'रेड स्क्वायर का एक बीमार बूढ़ा व्यक्ति जो लगातार लाल बटन से सभी को धमकी देता है, वह अपनी कोई भी लाल रेखा हमें निर्देशित नहीं करेगा।'

जेलेंस्की ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं एक बार फिर इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि हमारे नए हथियार निर्णय, जिसमें पलियानित्सिया भी शामिल है।

## कमला हैरिस के सामने बैकफुट पर आए डोनाल्ड ट्रंप, मीडिया कवरेज में भी पिछड़े

**वाशिंगटन।** कुछ हफ्ते पहले तक डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बनने की रेस में आगे चल रहे थे। पेंसिल्वेनिया की रैली में हुए जानलेवा हमले के बाद तो ट्रंप की लोकप्रियता में जबरदस्त उछाल आया था। हालांकि जैसे ही बाइडन ने राष्ट्रपति पद की रेस से हटने और अपनी जगह कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने का एलान किया तो धीरे धीरे हालात बदलने शुरू हो गए। अब स्थिति ये है कि ट्रंप बैकफुट पर नजर आ रहे हैं और उन्हें मीडिया कवरेज में भी वह कमला हैरिस से पिछड़ गए हैं।



**ट्रंप ने नीति में किया बदलाव :** हाल के दिनों तक डोनाल्ड ट्रंप, कमला हैरिस पर निजी हमले कर रहे थे और उनके रंग और उनके भारतीय और अफ्रीकी होने को लेकर टिप्पणी कर रहे थे। हालांकि उनकी ही पार्टी के कई नेताओं ने ट्रंप को कमला हैरिस पर निजी टिप्पणियों को लेकर आगाह किया। अब लग रहा है कि ट्रंप को भी यह बात समझ आ गई है तो वह निजी हमले छोड़कर नीतियों पर बात करने की कोशिश कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने वेटर्स को मिलने वाली टिप पर टैक्स खत्म करने की बात कही। साथ ही नेवादा में हिस्पैनिक मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल राष्ट्रपति चुनाव में नेवादा राज्य की भूमिका अहम होगी।

**मीडिया कवरेज में भी पिछड़े ट्रंप :** राष्ट्रपति पद की रेस में बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे रॉबर्ट एफ. कैनेडी ने भी हाल ही में उम्मीदवारी से हटने का फैसला किया है। साथ ही उन्होंने ट्रंप को समर्थन देने का एलान किया।

## हिजबुल्ला की योजना पर इस्राइल ने फेरा पानी

### लेबनान पर किए हवाई हमले, 48 घंटे का आपातकाल घोषित

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते 10 महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस बीच, इस्राइल और लेबनान के हिजबुल्ला के बीच भी युद्ध छिड़ता दिख रहा है। इस्राइल ने रविवार की सुबह दक्षिणी लेबनान में कई हवाई हमले किए। इसका कहना है कि हिजबुल्ला इस्राइल पर हमला करने की योजना बना रहा था। इसलिए एहतियातन यह हमले किए गए। हालांकि, यह हमला गाजा संघर्ष विराम वार्ता को विफल कर सकता है।

**हिजबुल्ला ने भी किया था हमला :** वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्ला ने शनिवार को इस्राइल की ओर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किए थे। इस हमले में इस्राइली सीमा के अंदर स्थित कई घर तबाह हो गए। बताया जा रहा है कि हिजबुल्लाह ने ये हमले शुक्रवार को हुए इस्राइली हमले के जवाब में किया था।

**उड़ानें प्रभावित :** लेबनान में हवाई हमलों का सबसे ज्यादा असर उड़ानों पर पड़ा है। इस्राइल के बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने आने वाली उड़ानों को डायवर्ट कर दिया है। वहीं, कुछ उड़ानों में देरी भी हो रही है। वहीं, यहां के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने घरेलू मोर्चे पर विशेष स्थिति की घोषणा की। उन्होंने इस्राइली सेना द्वारा लेबनान में एहतियाती हमले शुरू करने के बाद रविवार सुबह छह बजे से 48 घंटे के राष्ट्रव्यापी आपातकाल का एलान किया है।



**हमास और इस्राइल बीते 10 महीने से जंग लड़ रहे हैं**

**ईरान कर रहा बदला लेने का दावा :** ईरान समर्थित समूह पिछले महीने के अंत में इस्राइल द्वारा एक शीर्ष कमांडर की हत्या का बदला लेने का दावा कर रहा है। इस बीच, इस्राइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला देश पर भारी मात्रा में रॉकेट और मिसाइलों से हमला करने की योजना बना रहा था। इसलिए एहतियात बरते हुए हमला किया गया।

**संघर्ष विराम वार्ता पर खतरा :** पूरे उत्तरी इस्राइल में हवाई हमले के सायरन बजने की खबरें आईं। वहीं, बेन-गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने आने वाली उड़ानों को डायवर्ट करना शुरू कर दिया। बता दें, यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब मिस्र हमास के खिलाफ इस्राइल के युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के एक नए दौर की मेजबानी कर रहा है, जो अब अपने 11वें महीने में है। हिजबुल्ला ने कहा है कि अगर संघर्ष विराम होता है तो वह लड़ाई रोक देगा।

पिछले सप्ताह इस्राइल के रक्षा मंत्री ने कहा था कि वह ईरान समर्थित समूह के साथ संभावित लड़ाई की आशंका के बीच लेबनानी सीमा की ओर अधिक सैनिकों को तैनात कर रहे हैं।

## फरवरी 2025 से पहले सुनीता-विल्मोर की धरती पर वापसी नहीं, नासा ने अंतरिक्ष स्टेशन पर रोकने का किया फैसला

**वाशिंगटन।** नासा ने शनिवार को फैसला किया कि वह अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को फरवरी 2025 तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ही रखेगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस धरती पर लाना बहुत जोखिम भरा है। उन्हें स्पेसएक्स के साथ धरती पर वापस आने के लिए अगले साल तक इंतजार करना होगा।

बता दें कि सुनीता और विल्मोर जून से ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। स्टारलाइनर के थ्रस्टर में खराबी और हीलियम रिसाव के कारण अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी वापस आने की यात्रा बाधित हो गई है। नासा का कहना है कि उनके इंजीनियर स्टारलाइनर की गड़बड़ी को ठीक करने में लगे हुए हैं लेकिन अभी तक यह तय नहीं हो पाया है कि कि वे कब तक इसे ठीक पर पाएंगे। नासा के शीर्ष अधिकारियों ने बताया कि बैरी बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स फरवरी में स्पेसएक्स अंतरिक्ष यान में वापस आएंगे। उनका स्टारलाइनर कैप्सूल एक या दो सप्ताह में अनडॉक (खाली) कर दिया जाएगा और ऑटोपायलट पर वापस लौटने का प्रयास करेगा।




### बोइंग की साख पर सवाल

इस घटना की वजह से बोइंग कंपनी की साख को एक बड़ा झटका लगा है। कंपनी के हवाई जहाज के मामले में सुरक्षा संबंधी चिंताएं और बढ़ गई हैं।

### अब एलन मस्क की मदद से वापस आएंगी सुनीता

लंबे विचार विमर्श और उहापोह की स्थिति के बाद आखिरकार तय हो गया है कि भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर अब अगले साल फरवरी में धरती पर लौटेंगे। वहीं बोइंग कंपनी के जिस अंतरिक्ष यान स्टारलाइनर से ये दोनों अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) गए थे, अब वह बिना किसी अंतरिक्ष यात्री के सितंबर की शुरूआत में धरती पर वापस लौटेगा। नासा ने बताया है कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर अब अगले साल फरवरी में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के अंतरिक्ष यान ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से धरती पर लौटेंगे। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने बताया कि यह फैसला दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बोइंग के स्टारलाइनर में तकनीकी खराबी के बाद लिया गया फैसला

पहले तो स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान को बनने में कई साल की देरी हुई। इसके बाद जब इसे अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरनी थी तो तकनीकी खराबी की वजह से इसकी उड़ान रोकनी पड़ी थी। आखिरकार स्टारलाइनर ने इस साल जून में सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। हालांकि उड़ान के दौरान यान में एक और





# एसीपी रवि सिंह को पुलिस अधिकारियों और पत्रकारों ने दी विदाई









**गाजियाबाद, (करंट क्राइम ):** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग 19 महीनों तक एसीपी ट्रैफिक के बाद एसीपी नंदग्राम का कार्यभार संभालने वाले रवि सिंह का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से गोरखपुर तबादला हो गया है। शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने पुलिस लाइन में उन्हें विदाई दी। तो रविवार को थाना सिहानी गेट पुलिस और नंदग्राम थाने की ओर से उनको विदाई दी गई। इसी कड़ी में गाजियाबाद के पत्रकारों ने एसीपी रवि सिंह के उज्जवल भविष्य और गाजियाबाद में बिताए यादगार लम्हों को साझा किया। साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

# गाजियाबाद के वार्ड-35 गाँव बहरामपुर में कई वर्षों से बन्द पड़ा राधा रानी कृष्ण मंदिर खुला



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के वार्ड-35 गाँव बहरामपुर में नगर निगम द्वारा विगत कई वर्षों से बन्द पड़ा राधा रानी कृष्ण मंदिर अब खुल गया है जिसके लिए क्षेत्र के लोगों ने युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पं0 जीतू शर्मा एवं समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों का आभार जताया। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष पं0 जीतू शर्मा ने बताया कि कई दिन पूर्व बहरामपुर निवासी दो दर्जन से अधिक लोग उनसे मिलने आये और वर्षों से बन्द पड़े मंदिर को खुलवाने के अनुरोध कर एक पत्र उन्होंने सौंपा, जिसमें उनसे मंदिर का रास्ता निगम द्वारा बन्द करने एवं मंदिर खुलवाने की बात कही गई, जिसके बाद युवजन सभा के जिलाध्यक्ष की अपर नगर आयुक्त से फोन पर नोंकझोंक भी हो गई थी, रविवार की सुबह बहरामपुर निवासी लगभग कई दर्जन गाड़ियों से भारी भीड़ के साथ पार्टी कार्यालय पहुँचें, सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने अधिकारियों से मामले में वार्ता कर बीच का रास्ता और मंदिर खोलने की बात कही जिसके बाद अधिकारियों ने आश्वासन दिया लेकिन ग्रामीण और युवजन सभा के जिलाध्यक्ष जीतू शर्मा ने तत्काल मंदिर का रास्ता खोलने और मंदिर के प्रांगण में साफ सफाई कराये जाने की मांग रखी अन्यथा धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी, नगर आयुक्त की समझदारी के बाद मामला शांत हुआ नगर आयुक्त बाहर होने के कारण उन्होंने निगम के अधिकारियों को दिशानिर्देश दे मंदिर को तत्काल खोलने और साफ सफाई का निर्देश दिया इस खबर के बाद ग्रामीणों ने खुशी में जीतू शर्मा जिंदाबाद के नारे भी लगाए। ग्रामीणों के साथ सपा नेताओं में रविन्द्र यादव, शाकिर हुसैन मुश्ताक, आरिफ सलमानी, मुकेश कुमार, वकील अहमद बाबा खान, जॉनी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा में डिलीवरी के दौरान जुड़वा बच्चों की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में डिलीवरी के दौरान जुड़वा बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया और वह लोग अस्पताल में ही धरने पर बैठ गए। परिजनों के द्वारा पुलिस से इस मामले में शिकायत की गई है और आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दादरी थाना क्षेत्र के बैरगपुर गांव के रहने वाले सोनू ने बताया कि उनकी पत्नी आठ माह की गर्भवती और उसके पेट में दो जुड़वा बच्चे थे, उसका शुरूआत से ही इलाज दादरी के एक निजी अस्पताल से चल रहा था। अभी 18 अगस्त को उसकी पत्नी की तबीयत खराब हो गई तो उसे इसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद 19 तारीख को डॉक्टर ने उसे सही बताया और अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया।

# महापौर सुनीता दयाल ने महाराजा अग्रसेन चौक के सौन्दर्यीकरण का अनुरोध सहर्ष स्वीकार किया

## वैश्य अग्रवाल परिवार व महाराज अग्रसेन ट्रस्ट इन्दिरापुरम के एक प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से की मुलाकात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैश्य अग्रवाल परिवार व महाराज अग्रसेन ट्रस्ट का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को महापौर सुनीता दयाल अग्रवाल से मिला। इन्दिरापुरम में महाराजा अग्रसेन चौक के सौन्दर्यीकरण करवाने के लिए अनुरोध किया जो महापौर सुनीता दयाल ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। ट्रस्टी व पार्षद धीरज अग्रवाल को महाराज अग्रसेन चौक को महापौर पार्षद फंड से बनवाने के लिए कहा व उन्होंने घोषणा की शीघ्र ही 2 अक्टूबर 2024 से पहले महाराज अग्रसेन मार्ग पर एक बहुत बड़ा बोर्ड काला पत्थर बोर्ड की जगह लगाया जाएगा।







### पार्षद धीरज अग्रवाल ने नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया

**करंट क्राइम।** महाराज अग्रसेन चौक के सौन्दर्यीकरण कार्य का पार्षद धीरज अग्रवाल ने नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर वैश्य अग्रवाल परिवार के अध्यक्ष अनिल जैन संयोजक प्रदीप गुप्ता ट्रस्ट प्रधान श्रवण गर्ग ट्रस्ट महामंत्री शिव गुप्ता, संस्था के कोषाध्यक्ष हेमंत गुप्ता, महासचिव विमल अग्रवाल, ट्रस्टी शिव मितल, ट्रस्टी रमेश अग्रवाल, ट्रस्टी जी सी गर्ग, ट्रस्टी मुकेश गुप्ता, ट्रस्टी पंकज अग्रवाल, के सी गर्ग, एस के गुप्ता, हर्ष अग्रवाल,आशिष गुप्ता, महाराज अग्रसेन शोभा यात्रा संयोजक डॉ अनुपमा गुप्ता, कमलेश गर्ग, वन्दना गुप्ता इत्यादि महानुभाव ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

# राज्य स्तरीय प्रतिभा भामाशाह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन : अजय प्रमुख







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के चोमू में रविवार को राज्य स्तरीय प्रतिभा भामाशाह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों का पगड़ी बांधकर सम्मान किया गया। राजस्थान प्रदेश की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूदा सांसद और विधायिका की उपस्थित रही। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा, पश्चिम प्रदेश क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश संदीप चौधरी, प्रदेश सचिव सोनवीर खुटैल, सोनू रहिसपुर के साथ पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, दिल्ली के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## सो रहे एक परिवार के छह लोग मलवे में दबे

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव जलालाबाद में हल्की बारिश में एक मकान की छत भर भराकर गिर गई। मलबे में दबने से नीचे सो रहे एक परिवार के छह लोग दब गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। दो महिलाओं की हालात गंभीर बनी हुई। प्रशासन की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया है। गांव जलालाबाद निवासी 40 वर्षीय ज्ञानेन्द्र सिंह व योगेन्द्र सिंह का परिवार एक साथ ही रहते है। वह खेती करके परिवार का लालन पालन करते है। उनका मकान 50 साल पुराना है। एक कमरे की छत पर लकड़ी की बीम व कढ़ी के साथ सिल्ली से बनी हुई है। बताया जा रहा है कि छत की बीम काफी कमजोर हो गई थी। शनिवार रात को ज्ञानेन्द्र सिंह ,38 वर्षीय उनकी पत्नी बीना ,19 वर्षीय उनकी पुत्री खुशी ,पांच वर्षीय गुनगुन व 12 वर्षीय पुत्र वीर के अलावा भाभी सविता एक ही कमरे में सो रहे थे।

# हॉकी पुरुष वर्ग में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर और महिला में मेरठ की टीम बनी विजेता

## दोनों ही वर्ग में कमिश्नरेट गाजियाबाद रही उपविजेता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिसकर्मियों की फिटनेस और खेल भावना को बढ़ाने के लिए गाजियाबाद पुलिस रिजर्व लाइन कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीन दिवसीय मेरठ जोन मेरठ की 25वीं अंतर जनपदीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। जिसका समापन रविवार को पुलिस लाइन में फाइनल मुकाबले के साथ किया गया। फाइनल मुकाबला पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम को हार का सामना करना पड़ा जबकि गौतमबुद्धनगर की टीम ने गाजियाबाद को हराकर चल वैजयंती ट्रॉफी पर कब्जा किया। साथ ही टीम ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। हॉकी महिला वर्ग में जनपद मेरठ की टीम ने कमिश्नरेट गाजियाबाद को पराजित करते हुए प्रथम स्थान पर जगह बनाई है। दोनों ही मुकाबला बेहतर खेल गए लेकिन गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की महिला और पुरुष दोनों वर्गों की टीम को उपविजेता खिताब से ही संतोष करना पड़ा।












### पूर्व ओलंपियन रोमियो जेम्स ने खिलाड़ियों को वितरित किए पुरस्कार

**करंट क्राइम।** पुलिस लाइन में आयोजित तीन दिवसीय मेरठ जोन मेरठ की 25वीं अंतर्जनपदीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 का समापन रविवार को हो गया। इस अवसर पर पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी व ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित रोमियो जेम्स ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देने का काम किया। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी लाइन अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Adesh Sharma is with Deepak Bhati and 12 others.
3h

26 वे परिचय सम्मेलन को लेकर साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आयोजन समिति के सभी वरिष्ठ जन एवं ब्राह्मण समाज के सदस्य सम्मिलित हुए परिचय सम्मेलन को और बेहतर कैसे बनाया जा सके उसके लिए सभी ने अपने सुझाव दिए उत्तम सुझाव एवं मार्गदर्शन करने के लिए आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी गणों का धन्यवाद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आदेश शर्मा उन युवा नेताओं में है जो सियासत से लेकर सामाजिक सरोकारों से पूरा वास्ता रखते हैं। यही वजह है कि वो अपनी पोस्ट में सामाजिक घटनाक्रम को भी स्थान देते हैं। परिचय सम्मेलन की तैयारियों वाली बैठक को उन्होंने फेसबुक पोस्ट बनाया। आदेश शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।